दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 278 | जयपुर | सोमवार, 12 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# प्रदेश में आफत बनी बारिश, 15 की मौत




## कानोता बांध में 5 युवक डूबे

## जयपुर समेत 5 जिलों में स्कूलों की छुट्टी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में रविवार को जयपुर समेत 5 जिलों (अलवर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा) में भारी बारिश हुई। रुक-रुक कर बरसात का दौर देर रात जारी रहा। प्रदेश में एक दिन में डूबने से 13 और मकान गिरने से पिता-पुत्र समेत 15 लोगों की मौत हो गई। इनमें भरतपुर में 7, झुंझुनूं में 3, करौली में 3, जोधपुर में 1 और बांसवाड़ा में 1 मौत हुई है। जयपुर के कानोता बांध में 5 युवक डूब गए। युवकों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। भारी बारिश के चलते जयपुर, करौली, भरतपुर, दौसा और सवाई माधोपुर में स्कूलों की सोमवार (12 अगस्त) की छुट्टी घोषित कर दी है। करौली में तेज बरसात के कारण मकान ढह गया। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि परिवार के 3 लोग मलबे में फंस गए। करौली के जंगल में तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण इलाके में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। कलेक्टर ने जर्जर भवन की मरम्मत और सूचना कलेक्टर ऑफिस को देने के आदेश दिए हैं। क्षतिग्रस्त भवन वाले स्कूलों में आगे भी छुट्टी घोषित हो सकती है।

### सीजन की बारिश का कोटा पूरा

जयपुर में इस सीजन की बारिश का कोटा अब पूरा हो चुका है। मानसून के एक सीजन में (1 जून से 30 सितम्बर तक) जयपुर जिले में औसत बरसात 502 एमएम होती है, जबकि इस सीजन में जयपुर में अब तक 521एमएम बारिश हो चुकी है। ऐसे में जयपुर में ये एक्सेस यानी सामान्य से ज्यादा बरसात हो रही है।

## बाणगंगा नदी में डूबने से 7 युवकों की मौत

भरतपुर जिले के बयाना थाना इलाके में बाणगंगा नदी में नहाते समय 7 युवकों की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने एक घंटे के रेस्क्यू के बाद शवों को बाहर निकाला। कलेक्टर अमित यादव ने बताया कि श्रीनगर गांव के 8 युवक गांव के पास से जा रही बाढ़ गंगा नदी में नहाने गए थे, जहां 7 युवक डूब गए। एक युवक बच गया। उसने गांव में आकर बताया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी 7 शवों को बाहर निकाला गया। 2 शव को भरतपुर के आरबीएम अस्पताल और 5 शव को झील का बाड़ा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।



## नदी के तेज बहाव में फंसे एक परिवार के 4 लोग

अलवर जिले के थानागाजी इलाके में मानसरोवर बांध और जैतपुर बांध ओवरफ्लो हो गए हैं। बांधों की पाल के ऊपर से पानी बह रहा है। यहां आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। उधर नहर सती के पास नदी में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया।

इस दौरान एक परिवार के 4 लोग तेज बहाव में फंसे गए। सूचना के काफी देर बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और उनको बाहर निकाला। कई जगहों पर तेज बहाव के साथ झरने बहने लगे हैं।

### वाहन चालक परेशान, बच्चे रील बनाते दिखे

जयपुर में बारिश से अलग-अलग हालात दिखे। जेकेलोन अस्पताल के आईसीयू में पानी भर गया। सड़कों पर पानी भरने से लोग परेशान होते दिखे। वहीं, बच्चे रील बनाते रहे। एलिट मिस राजस्थान के ऑडिशन के लिए मॉडल्स भीगते हुए अजमेर रोड स्थित प्रतिष्ठा बैंक्वेट में पहुंची। मौसम विज्ञान केन्द्र की ओर से जयपुर में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके मुताबिक जयपुर में आज 200 एमएम या उससे ज्यादा बरसात होने की आशंका जताई थी। इससे पहले 1 अगस्त की रात को जयपुर में भारी बारिश हुई थी। उस दिन जयपुर के जेएलएन मार्ग पर 200एमएम से ज्यादा बरसात दर्ज हुई थी।

### जयपुर के कई इलाकों में भरा पानी

जयपुर में रुक-रुक कर बारिश का दौर चला। दोपहर 12 बजे बाद करीब 30 मिनट तक तेज बरसात हुई। इस दौरान एमआई रोड, अम्बाबाड़ी, सीकर रोड, ढेहर के बालाजी, कालवाड़ रोड, 200 फीट अजमेर बाइपास, वैशाली नगर चूंगी, जेएलएन मार्ग त्रिमूर्ति सर्किल, टोंक रोड नारायण सिंह सर्किल समेत कई जगह सड़कों पर पानी भर गया और ट्रैफिक जाम हो गया। अजमेर बाइपास पर भारी बारिश के कारण एक-एक फीट पानी भरने से बाइपास पर लंबा जाम लग गया। जेके लोन अस्पताल परिसर में पानी भर गया। इमरजेंसी के सामने बने वार्ड, आईसीयू में बारिश का पानी भरने से मरीज परेशान हुए।

### बारिश से तालाब में भरा पानी, नहाने उतरे 3 युवकों की डूबने से मौत

झुंझुनूं जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र के मेहराणा गांव में तालाब में डूबने से 3 युवकों की मौत हो गई। सांवलोद गांव के रहने वाले तीनों युवक मेहराणा माता मंदिर के दर्शन के लिए आए थे। इस दौरान वे नहाने के लिए तालाब में उतर गए। उनके एक दोस्त ने उनको तालाब में जाने से मना किया था। लोगों ने बताया- पिछले दो दिनों से हो रही बरसात से तालाब में पानी भरा था। तालाब करीब 8 फीट गहरा है।

### उफनते नाले में बह गया युवक

सवाई माधोपुर जिले में भी कई नदियां उफान पर हैं। यहां करीब 20 गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। सवाई माधोपुर शहर में रविवार दोपहर एक युवक लटिया नाले में बह गया। सूचना मिलने के बाद कलेक्टर डॉ. कुशल यादव, एसडीएम अनिल चौधरी समेत एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। गज्जू राजपूत (35) निवासी खेरदा राजनगर लटिया में पानी के बहाव को देखने गया था। इस दौरान उसका बैलेंस बिगड़ने से वह नाले में गिर गया और तेज बहाव में बह गया।

## यूपी में हो रहे उपचुनाव की सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी बीएसपी



बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को ऐलान किया कि निकट भविष्य में राज्य की 10 रिक्त विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में उनकी पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी और पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी। मायावती ने लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की एक समीक्षा बैठक में उपचुनाव लड़ने की घोषणा की। अमूमन उपचुनावों से दूर रहने वाली बसपा ने इस उपचुनाव को पूरे दमखम से लड़ने का फैसला किया है। बसपा मुख्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक, मायावती ने कहा, लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में रिक्त हुई 10 विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उपचुनावों के लिए अभी चुनाव की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इसे लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ रही है।

## पीएम मोदी ने 109 किस्मों के बीज जारी किए
# लोग जैविक फूड की ओर बढ़ रहे : मोदी

### शरद पवार का दावा- किसानों की आत्महत्याएं दोगुनी हुईं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में ज्यादा उपज देने वाली 61 फसलों की 109 किस्में जारी कीं। इनमें 34 फसलें बाजरा, पशु चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य की हैं।

वहीं, 27 बागवानी फसलें हैं, जिनमें फल, सब्जी, मसाले, फूल और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में शामिल हैं। इस दौरान पीएम ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। पीएम ने नैचुरल खेती के फायदों और जैविक खेती में आम लोगों के बढ़ते विश्वास के बारे में भी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि लोगों ने जैविक फूड आइटम्स का उपभोग और मांग करना शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि कृषि विज्ञान केन्द्र को हर महीने विकसित की जा रही नई किस्मों के बारे में किसानों को बताना चाहिए। वहीं, किसानों ने कहा कि ये नई किस्में बहुत फायदेमंद होंगी। इससे खर्च कम होगा और एन्वायरमेंट पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



### पवार का दावा- किसानों को उपज का सही दाम नहीं मिल रहा, वे कर्ज में डूबे

एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को किसानों की आय दोगुनी करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आश्वासन पर दावा किया कि भाजपा शासन में किसानों की आत्महत्याएं दोगुनी हो गई हैं।

## केजरीवाल का बंगला रेनोवेट करने वाले 3 इंजीनियर सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)



**नई दिल्ली।** सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट ने तीन इंजीनियरों को सस्पेंड कर किया है। इन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के रेनोवेशन में हुई कथित अनियमितताओं में शामिल होने का आरोप है।

इन इंजीनियर्स ने चार और लोगों के साथ मिलकर केजरीवाल के कहने पर मॉडिफिकेशन के नाम पर कई नियमों का उल्लंघन किया और सामान की लागत भी बढ़ा-चढ़ाकर बताई। इन इंजीनियरों का नाम- प्रदीप कुमार परमार, अभिषेक राज और अशोक कुमार राजदेव है। केजरीवाल का बंगला रेनोवेट करने में इन तीनों की भूमिका सबसे ज्यादा थी। इनका साथ देने वाले चारों लोगों को भी सस्पेंड कर दिया गया है। मामले की जांच पहले से ही सीबीआई कर रही है।

प्रदीप परमार फिलहाल असम के गुवाहाटी में पोस्टेड है, अभिषेक राज पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में काम करता है। विजिलेंस डिपार्टमेंट के मुताबिक, इन इंजीनियर्स ने पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के साथ साठगांठ में काम किया।

# मोदी ने अडाणी को बचाने की साजिश रची : कांग्रेस

## जिस सेबी को जांच सौंपी, वही घोटाले में शामिल; हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच जेपीसी करे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडाणी ग्रुप की कंपनियों में सेबी चीफ माधबी पुरी बुच की हिस्सेदारी के खुलासे के बाद राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस ने कहा है कि नरेंद्र मोदी ने जांच के नाम पर अपने परम मित्र (अडाणी) को बचाने की साजिश रची है। कांग्रेस ने ट्वीटर पर लिखा, अडानी महाघोटाले की जांच सेबी को दी गई। अब खबर है कि सेबी की चीफ माधवी बुच भी अडानी महाघोटाले में शामिल हैं। मतलब घोटाले की जांच करने वाला ही घोटाले में शामिल है। है ना कमाल की बात! कांग्रेस ने कहा है कि इस महाघोटाले की सही जांच सिर्फ जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी से हो सकती है। हालांकि, मोदी सरकार जेपीसी बनाने को तैयार नहीं है। पीएम मोदी कब तक अडानी को बचा पाएंगे, एक न एक दिन तो पकड़े जाएंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर सेबी चीफ माधबी पुरी बुच पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने ट्वीटर पर बयान जारी किया, जिसे कांग्रेस ने भी शेयर किया है। उन्होंने दावा कि 2022 में सेबी चीफ बनने के तुरंत बाद माधबी पुरी बुच ने गौतम अडाणी के साथ दो मीटिंग्स की।



### जयराम का आरोप- हिस्सेदारी हासिल करने के लिए नियमों का उल्लंघन हुआ

कांग्रेस महासचिव ने बयान में लिखा- हिंडनबर्ग रिपोर्ट से पता चलता है कि माधबी और उनके पति ने बरमूडा और मॉरीशस स्थित ऑफशोर फंड में निवेश किया था। इसी फंड में अडाणी के भाई विनोद अडाणी और उनके करीबी सहयोगियों चांग चुंग-लिंग और नासिर अली शाहबान अहली ने बिजली उपकरणों के ओवर-इनवॉइसिंग से कमाए रुपए इन्वेस्ट किए थे। जयराम ने लिखा- सेबी के नियमों का उल्लंघन करके इन फंड्स का इस्तेमाल अडाणी ग्रुप की कंपनियों में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए किया गया।

### हिंडनबर्ग का दावा- अडाणी ग्रुप से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में सेबी चीफ की हिस्सेदारी

अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने शनिवार (19 अगस्त) की रात 9:57 बजे एक रिपोर्ट जारी की। इसमें दावा किया गया है कि सेबी चीफ माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की अडाणी ग्रुप से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में हिस्सेदारी है। व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों के आधार पर हिंडनबर्ग ने दावा किया है कि बुच और उनके पति की मॉरीशस की ऑफशोर कंपनी 'ग्लोबल डायनामिक अपॉर्च्युनिटी फंड' में हिस्सेदारी है। हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया है कि 'ग्लोबल डायनामिक अपॉर्च्युनिटी फंड' में कथित तौर पर अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी ने अरबों डॉलर निवेश किए हैं। इस पैसे का इस्तेमाल अडाणी ग्रुप के शेयरों के दामों में तेजी लाने के लिए किया गया था।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# डिग्गी कल्याण जी की 59वीं लक्खी पदयात्रा में उमड़े भक्त

- कल्याण धणी के जयकारों से गूंजी चारदीवारी, पहले गोविंद देव के किए दर्शन फिर चौड़ा रास्ता स्थित ताडक़ेश्वर महादेव को ढोका
- पदयात्रा का विभिन्न जगहों पर भव्य स्वागत, दंडवत करते हुए मनोकामना के साथ किया प्रस्थान, भंडारों में भक्तों की खूब की सेवा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी रविवार को चौड़ा रास्ता के ताड़केश्वर मंदिर से 58वीं लक्खी पदयात्रा लोकगीतों और जयकारों के साथ रवाना हुई। श्री कल्याण जी डिग्गी पुरी पदयात्रा संघ के संचालक श्रीजी शर्मा एवं अन्य ने जयपुर के रियासतकालीन पचरंगा ध्वज का पूजन कर यात्रा को रवाना किया। बाजै छै नौबत बाजा म्हारा डिग्गीपुरी का राजा...लोकगीत और कल्याण धणी के जयकारों के साथ पदयात्री रैले के रूप में नाचते-गाते न्यू गेट की तरफ बढ़ने लगे। कुछ श्रद्धालु कनक दंडवत करते हुए आगे बढ़े तो कुछ श्रद्धालु हाथों में निशान थामे हुए थे। गांवों से आए पैदल यात्रियों के कारण राजधानी में ग्रामीण परिवेश जीवंत हो उठा। लक्खी पदयात्रा के संचालक श्रीजी शर्मा ने बताया लक्खी पदयात्रा को उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, विधायक बालमुकुंद आचार्य, संत-महंत सहित अनेक विशिष्ट लोग मुख्य ध्वजा का पूजन कर पदयात्रा को रवाना किया। ध्वज की छत्रछाया में पदयात्री कनक दंडवत करते हुए मोती डूंगरी गणेश मंदिर के दर्शन कर डिग्गी के लिए रवाना हुए। इस बार पदयात्रा में पांच से छह लाख श्रद्धालु शामिल है। राजस्थान के अलावा



मध्यप्रदेश के श्रद्धालु भी पदयात्रा में शामिल होते है । डिग्गी कल्याण जी पदयात्रा में 11 अगस्त को पदयात्री मदरामपुरा पहुंची। जिसके बाद 12 अगस्त को हरसूलिया और 13 अगस्त को फागी के लिए कूच करेंगे। 14 अगस्त को चौसला में रात्रि विश्राम करने हुए 15 अगस्त को डिग्गी मालपुरा में कल्याण मंदिर पहुंच कर प्रभु के दर्शन करेंगे। जिसके पश्चात भगवान श्री कल्याण जी को ध्वजा अर्पित करने के बाद गंगाजल से भगवान का अभिषेक करेंगे। कल्याण धणी के पदयात्रियों के लिए चौड़ा रास्ता से सांगानेर तक सैंकड़ों स्थानों पर भंडारे लगाए गए । जहां फल, शर्बत, शिकंजी, छाछ, लस्सी, कचोरी, पकौड़ी, मिठाई, सब्जी-पूड़ी सहित खाने-पीने का सभी सामान थे । विभिन्न संस्थाएं ने भी अलग-अलग जगहों पर बड़े स्तर पर भंडारो का आयोजन किया।

**बड़ी संख्या में श्रद्धालु शनिवार देर रात से ही पहुंचे :** मुख्य पदयात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शनिवार देर रात और रविवार तड़के पांच बजे ही जयपुर पहुंच गए। बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी में श्रीजी के दर्शन करने की ललक साफ दिख रही थी। पीठ पर बैग लटकाए श्रद्धालुओं का काफिला दोपहर तक जयपुर की सड़कों पर नजर आता रहा। चौड़ा रास्ता से रवाना होकर पदयात्रियों ने सर्वप्रथम मोतीडूंगरी गणेश जी के दर्शन किए। यहां से पदयात्री रिजर्व बैंक के सामने से होते हुए टोंक रोड पर आ गए। पदयात्रियों के चौड़ा रास्ता से सांगानेर तक कदम-कदम पर भंडारे लगाए गए। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी सगंठनों की ओर से लगाए गए भंडारों में चाय-नाश्ता, भोजन, फल, शर्बत, पानी, छाछ की व्यवस्था की गई। पदयात्रियों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कुछ लोगों ने वाहन में केले, सेव, अमरूद सहित अन्य फल वितरित किए। बच्चों के लिए टॉफी और आइसक्रीम का इंतजाम किया हुआ था।

**मदरामपुरा में हुई महाआरती :** पदयात्रियों का पहला पड़ाव रविवार रात मदरामपुरा के बालाजी मंदिर में हुआ। यहां रात्रि को डिग्गी कल्याणजी और हनुमान जी महाराज की महाआरती उतारी। लोगों ने पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया। पदयात्रा के संचालकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर शामिल लोगों ने कहा कि पदयात्राएं राजस्थान की संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। पदयात्राओं में शामिल अलग-अलग गांवों के लोगों से ही भारत का निर्माण होता है। पदयात्राएं एक-दूसरे को जानने और समझने का भी माध्यम है। सभी ने पैदल यात्रियों की यात्रा निर्विघ्न संपन्न होने की भगवान से प्रार्थना की। श्री कल्याण जी डिग्गी पुरी पदयात्रा संघ के नेतृत्व में पदयात्रा संचालकों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया।

## कार ट्रक में घुसी, दो छात्रों सहित तीन की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** रामनगरिया थाना इलाके में शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि तेज रफ्तार कार ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में दो छात्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक छात्र लंदन से बीटेक तो दूसरा जयपुर के ही कॉलेज से बीबीए कर रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आगे से कार के परखच्चे उड़ गए। ड्राइवर का शव कार में बुरी तरह से फंस गया था। घंटेभर की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि रामनगरिया थाना इलाके में शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि डेढ़ बजे एनआरआई सर्किल पर तेज रफतार से आ रही कार ट्रक से जा भिडी। इस हादसे में कार में अमिष (19) पुत्र राजीव वाधवा निवासी मानसरोवर और वेदांत (19) पुत्र गिरधर आहलूवालिया निवासी पाम कॉलोनी जगतपुरा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलि ने दोनों के शवों को अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दिया। जिनका रविवार सुबह पोस्टमार्टम कर परिजनो के हवाले कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि गाड़ी वेदांत की है। वेदांत का कार चालक विकास का शव कार में बुरी तरह से फंसा गया था और एक घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। विकास के शव को एसएमएस की मोर्चरी में रखवाया गया है। अमीश और वेदांत के परिवार वालों को पुलिस ने रात में ही सूचना दे दी थी। शवों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया परिजनों को सौंप दिया गया है। विकास सीतापुरा में ही किराए के मकान में रहता था। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर से होते हुए जवाहर सर्किल की तरफ कार जा रही थी। ड्राइवर ट्रक को मोड़ रहा था। इतने में तेज रफतार से आ रही कार ट्रक से भिड़ गई। ट्रक में सब्जियां भरी थीं। वेदांत लंदन से बीटेक कर रहा था। वह छुट्टियों में जयपुर आया था। अमिष जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में बीबीए का स्टूडेंट था।

## बस ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** खोह नागोरियान थाना इलाके में स्थित आगरा रोड पर एक बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। पुलिस के अनुसार इंद्रप्रस्थ कॉलोनी आगरा रोड निवासी कौशल कुमार सोनी अपनी मां राजन देवी के साथ सोड़ाला से घर लौट रहा था। जहां मुरलीवाला गार्डन के सामने एक बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे कौशल कुमार और राजन देवी घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर कौशल कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने बस को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया है।

## दुगने करने के नाम पर प्रोपट्री कारोबारी से एक करोड़ की ठगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** कोतवाली थाना इलाके में रुपए दुगने के नाम पर एक प्रोपट्री कारोबारी से एक करोड़ रुपए ठगने का मामला सामने आया है। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि दूदू निवासी कमलचंद जैन ने मामला दर्ज करवाया कि रुपए दुगने करने के नाम पर किशनपोल में चार-पांच लोगों ने अलग-अलग कर करीब एक करोड़ रुपए की राशि उससे ले ली। रुपए लेने के बाद आरोपी न तो उसे रुपए लौटा रहे है। रुपए मांगने पर आरोपी उसे धमका रहे है। फिलहाल शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही सारे घटनाक्रम का पता चलेगा। आरोपी प्रॉपर्टी का व्यवसाय करता है।

## रेडियो सिटी ने मनाई लहरिया पार्टी

### जयपुर में हुआ आयोजन पार्टी में 200 से अधिक महिलाओं ने सज धज कर भाग लिया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जयपुर की महिलाओं को पारंपरिक त्योहार से अवगत करवाने के लिए लहरिया पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया । पार्टी को आकर्षित बनाने के लिए फैशन शो, ड्राइंग कंपटीशन, रैंप वॉक, सिंगिंग कंपटीशन के साथ साथ फोन गेम्स जैसी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें फर्स्ट सेकंड व थर्ड रही महिलाओं को महिंद्रा ऐंड महिंद्रा, पीसीएम मसालें, एस के आई टी, जीवन रेखा हॉस्पिटल, टीबीजेड ज्वेलर्स की तरफ से आकर्षक उपहार दिये। रैम्प वॉक में महिलाओं ने टीबीजेड के बनाई हुई ज्वेलरी पहनकर रैम्प वॉक किया। कार्यक्रम में मिस लहरिया का भी चुनाव हुआ ।

## पीसीपीएनडीटी एवं संयुक्त निदेशक 1 लाख 25 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की राजसमंद टीम ने रविवार को उदयपुर में कार्रवाई करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जोन-उदयपुर के समुचित प्राधिकारी,पीसीपीएनडीटी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी को परिवादी से एक लाख पच्चीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की राजसमंद टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि सोनोग्राफी मशीन को सील करने, सोनोग्राफी रजिस्टर वापस लौटाने एवं आगे परेशान नहीं करने की एवज में पीसीपीएनडीटी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. जुल्फिकार



अहमद काजी की ओर से 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। एसीबी की राजसमंद टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत सिंह चारण के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पीसीपीएनडीटी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. जुल्फिकार अहमद काजी को 1 लाख 25 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

## कस्बे में नागेश्वर महादेव मंदिर नागदा से 21 वी कावड़ यात्रा निकाली गई

बढ़ता राजस्थान

**अन्ता, (नि.स.)।** रविवार को नागेश्वर महादेव मन्दिर नागदा से पवित्र जल लाकर नर्मदेश्वर महादेव अन्ता धान मंडी को अभिषेक करने हेतु 21 वीं विशाल कावड यात्रा निकाली गई जिसमे बालक बलिकाओ, स्त्री पुरुषों ने उतसाहपूर्वक भाग लिया।



वही कावडियों का स्वागत करने में समिति के सदस्यों ने भी बढ़ चढ़कर उत्साह दिखाया। नागदा रेलवे फाटक के समीप शिव सेवक संघ अन्ता के सदस्यों ने विशाल संख्या मे कावडियों को जल पिला कर आत्मीय स्वागत किया। जिससे धूप की गर्मी से आहत भक्तों ने तृप्ति का अनुभव किया । ग्रुप मीडिया प्रभारी यश गौतम ने बताया की विष्णु बैरवा, धनराज गुज्जर, प्रियम , चिराग शर्मा, लकी गुज्जर, यशवंत बना काव्य , मनीष सुमन, और ग्रुप प्रभारी कुश चतुर्वेदी आदि सदस्य शामिल रहे।

## जेडीए ने हुई भारी वर्षा के कारण उत्पन्न जल भराव समस्या पर लिया तुरंत एक्शन

### अंडरपासो, सड़को, सर्किलो एवं अन्य स्थानों पर राहत कार्य किए शुरु, कोई जनहानि/क्षति नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर में रविवार दिन में हुई भारी वर्षा के कारण हुए जल भराव, सड़क में कटाव एवं अन्य क्षति इत्यादि समस्याओ का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है।

**जेडीए द्वारा निम्न स्थानों पर समस्याओं का निराकरण करवाया जा रहा है :** एलआईसी कार्यालय अंबेडकर सर्किल भवानी सिंह रोड पर बस सेंटर क्षतिग्रस्त हुआ, बस शेल्टर को हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। कोई जनहानि नहीं हुई है। नंदपुरी अंडरपास में जल भराव के कारण दो वाहन जलमग्न हो गए थे। पुलिस द्वारा रोकने पर भी वाहन चालक द्वारा वाहन चालक अंडरपास में जाने से नहीं रुक थे।



वाहन चालकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। पानी कम होने पर वाहनों को भी क्रेन से निकाला जा रहा है। कोई जनहानि क्षति नहीं हुई है।कल्याण नगर अंडरपास में जल भराव हो गया था यातायात को रोक दिया गया है। पानी का निकास पंप द्वारा करवाया जा रहा है। कोई क्षति नहीं हुई है। अर्जुन नगर अंडरपास में जल भराव हो गया है। यातायात को पूर्ण रूप से रोक दिया गया है। पंप द्वारा जल निकास करवाया जा रहा है। कोई क्षति नहींहुई है। प्रधान मार्ग मालवीय नगर अंडरपास में जल भराव हो गया है। यातायात को रोक दिया गया है। पंप एवं पाइप द्वारा जल निकास करवाया जा रहा है कोई क्षति नहीं हुई है।धाबास रोड अंडरपास एवं सड़क पर जल भराव हो गया है।

पंप द्वारा पानी निकाला जा रहा है। यातायात चालू चालू है । पांच्यावाला, सिरसी रोड पर 1- 2 फीट तक जल भराव हुआ है। पंप द्वारा जल निकास किया जा रहा है। यातायात चालू है। सीकर रोड ढेर के बालाजी पर लगभग डेढ़ किलोमीटर तकएक से डेढ़ फीट तक जल भराव हो गया है। हल्के वाहन रुक गए हैं।

जैसे जैसे जल स्तर घट रहा है, पेच वर्क करवाया जा रहा है। बड़े वाहनों का आवागमन चालू कर दिया गया है। स्टेच्यू सर्किल पर चारों तरफ जल भराव हो गया था।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में महर्षि चरक जयन्ती महोत्सव का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के संहिता एवं मौलिक सिद्धान्त विभाग द्वारा 8 से 10 अगस्त 2024 तक 3 दिवसीय महर्षि चरक जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने करते हुए कहा की इस प्रकार के कार्यकर्मो में विशेषज्ञों द्वारा दिए जाने वाले व्याख्यानों से आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के नये सिद्धांतों को जानने का अवसर मिलता है जिससे विद्यार्थियों में आयुर्वेद चिकित्सा करने का कौशल बढेगा ओर आने वाले समय मे इनका उपयोग विभिन्न असाध्य रोगों के निवारण में हो सकेगा। जामनगर गुजरात से प्रो. वैद्य हितेश व्यास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा श्रावण शुक्ल पंचमी नागपंचमी के दिन महर्षि चरक जयन्ती मनाने की परम्परा है। प्राचीन आयुर्वेदिक सिद्धांतों को आधुनिक रोग प्रबंधन में कैसे लागू किया जा सकता है,



इस विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आयुर्वेद के चरक संहिता ग्रन्थ में लिखें सिद्धान्त रोगों के निवारण में कैसे उपयोग में लाने चाहिये इस पर विभिन रोगों के अनुभव के आधार पर उद्बोधन दिया गया। समाज में वर्तमान में प्रचलित रोगों का सफल उपचार आयुर्वेद से होकर पॅथोलोजिकल टेस्ट के पॅरामिटर्स में भी उन का परिणाम पाया जाता है यह छात्रों को दिखाया गया। यूजी एवं पीजी विद्यार्थियों के लिए निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रेजेंटेशन, श्लोक के साथ कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के संकाय सदस्यों के साथ विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो. अनिता शर्मा, विभागाध्यक्ष प्रो. निशा गुप्ता, प्रो असित कुमार पांजा एवं संहिता विभाग के चिकित्सक, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जवाहर कला केन्द्र में विरासत से विकास में दिखा हैंडलूम का बेशकीमती खजाना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से नेशनल हैंडलूम के मद्देनजर अतुल्य अगस्त के अंतर्गत आयोजित विरासत से विकास उत्सव की रविवार को शुरुआत हुयी। केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने दीप जलाकर कार्यक्रम का आगाज किया। रघुकुल ट्रस्ट के क्यूरेशन में हो रहे इस कार्यक्रम में जहां हैंडलूम की विरासत को संजोया गया है वहीं रमा सुंदरम से सुरीली आवाज में संत कबीर और नामदेव आदि संतों की वाणी भी गूंजी।

अलंकार गैलरी जो टाइमलेस टेक्सटाइल एग्जिबिशन का गवाह बनी है आगामी तीन दिनों के लिए अजायबघर में तब्दील हो गयी है। पुराने दौर में प्रचलित परिधान जो अब विरासत बन गए हैं उन्हें देश के अलग-अलग इलाकों से एकत्रित कर यहां प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में प्रवेश करते ही अलग-अलग तरह कै हैंड ब्लॉक पर नज़र ठहर जाती है। हवा में लहराती विभिन्न प्रदेशों की सिल्क की आकर्षक साड़ियां सभी का ध्यान अपनी ओर खींचती हैं इनमें असम का मोगा सिल्क, बनारसी जामेवार सिल्क, तनचोई साटन सिल्क, आंध्र प्रदेश की पोचमपल्ली



आदि की साड़ियां है। पंजाब, चंबा, कच्छ में प्रचलित एम्ब्रोयडरी, लखनऊ की चिकनकारी, वेलवेट पर ज़रदोज़ी वर्क, 1920 में बना पीला ओढ़ना, 1900 में बनी यूपी की बनारसी अचकन, ज़री, बंधेज, लहरिया जैसे हेरिटेज हैंडलूम यहां देखने को मिलेंगे।

**राजस्थान के वस्त्र डाल रहे प्रदर्शनी में जान :** राजा रवि वर्मा के ओरिजिनल प्रिंट, राजस्थान में जैसलमेर, बाड़मेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर और पचेवर क्षेत्र में प्रचलित वस्त्र, कोटा की विशेष कोटा डोरिया साड़ी, इसी के साथ पश्चिम बंगाल के कांथा वर्क में लंका दहन और महिषासुर मर्दिनी को दर्शाया गया है, आंध्र प्रदेश की कलमकारी में कपड़े पर गणेश जी को नृत्य करते हुए चित्रित किया गया है। फेस्टिवल क्यूरेटर साधना गर्ग ने बताया कि यह प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास है। इसमें विजेंद्र बंसल, रूपी मिन्हाज, स्वर्ण सिंह खनूजा, ब्रजभूषण बसीन, सुधीर कासलीवाल आदि संग्रहकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं ट्राइबल आर्ट शो में गोंडा और जोगी आर्ट का सौंदर्य देखने को मिलेगा। अलंकार के प्रथम तल पर वेस्ट मटेरियल से बने आर्ट वर्क को एग्जीबिट किया गया है। रंगायन में रमा सुंदर रंगनाथन की सुरीली गायन प्रस्तुति हुई। बरसते बादलों ने भी म्यूजिक ऑफ चरखा कॉन्सर्ट में ताल से ताल मिलाई। इंदौर घराने की गायिका रमा ने संत तिरुवल्लुवर की वाणी को हिंदी में अनुवादित कर तैयार कम्पोजीशन से शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कबीर, नामदेव और बाबा बुल्ले शाह की वाणी से जीवन की सीख दी। महात्मा गांधी के भजन रघुपति राघव राजा राम के साथ उन्होंने प्रस्तुति का समापन किया। तबले पर तानसेन श्रीवास्तव, सारंगी पर दयाल अली ने संगत की। गौरव शर्मा ने मंच संचालन किया।

**हैंडलूम की विरासत और सांस्कृतिक वैविध्य से होगा साक्षात्कार :** जवाहर कला केन्द्र की महानिदेशक और कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने कहा कि विरासत से विकास उत्सव का उद्देश्य देश की समृद्ध हैंडलूम विरासत और सांस्कृतिक वैविध्य से आमजन का साक्षात्कार करवाना है।

यहां शोकेस प्रत्येक आर्टिकल इस बात को दर्शाता है कि भारत में कपड़ों को विशेष बनाने के लिए भी कितने रचनात्मक प्रयोग किए जाते रहे हैं।

## मानसून के साथ जयपुराइट्स ने लिया फोरहेक्स फेयर का लुत्फ

### विधायक गोपाल शर्मा ने किया फोरहेक्स फेयर में विजिट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** फोरहेक्स फेयर एक बार फिर एग्जीबिटर्स और विजिटर्स को लुभाने में कामयाब रहा है। रविवार के दिन शहर में भारी बारिश के चलते भी विजिटर्स का फेयर के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था। फेयर के तीसरे दिन विधायक गोपाल शर्मा ने फेयर में विजिट करके आर्टिजंस और एग्जीबिटर्स का उत्साहवर्धन किया। फेयर में डिस्प्ले की गई क्राफ्ट्स और आर्ट्स की काफी सराहना की और फेयर में खरीदारी भी की। देहरादून से आए आर्टिजन अजीत कुमार ने बताया कि इस चार दिवसीय फेयर में पेबलपथ नाम से स्टॉल लगाई है जहां वह पानी के झरनों के किनारे निकले हुए पत्थरों से आर्ट बनाते है जिसे शहरवासियों ने काफी सराहा और जमकर खरीदारी भी की। इसके अलावा देशभर से आए विभिन्न आर्टिजंस को भी फेयर में काफी प्रमोशन मिला है। भारी बारिश



के चलते फोरहेक्स फेयर कमिटी ने सभी विजिटर्स के लिए पार्किंग, ई-रिक्शा और खरीदारी किये गई सामानों को लाने - ले जाने के लिए पोर्टर सुविधा का भी इंतेजाम किया गया। फेयर के तीसरे दिन ईको प्रिंट्स को लेकर पोद्दार कॉलेज ने एक वर्कशॉप का आयोजन किया जिसमें लीफ़ और फ्लावर्स के साथ फैब्रिक के ऊपर प्रिंटिंग का इफेक्ट कैसे दिया जाता है, वेजिटेबल्स के नेचुरल कलर से फैब्रिक पर प्रिंटिंग कैसे की जाती है; विषयों पर गहन चर्चा की गई। इसके अलावा पिचथान का भी आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 15 स्टार्टअप द्वारा एंजल इन्वेस्टर्स के सामने पिचिंग की गई जहां ऑन-स्पॉट 3 स्टार्टअप्स को फंडिंग प्राप्त हुई।

फेयर के क्लोजिंग सेरेमनी और अवॉर्ड फंक्शन में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सभी पार्टिसिपेंट्स को सम्मानित करेंगे।

# तिरंगा यात्रा में दिखा चूरू का देशप्रेम, जोश और जुनून

## कलक्ट्रेट से शुरू हुई तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए शहरवासी

**कलक्टर पुष्पा सत्यानी, जिला प्रमुख वंदना आर्य, पुलिस अधीक्षक जय यादव, एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सीईओ मोहन लाल खटनावलिया सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापकों, शहरवासियों ने की शिरकत**

बढ़ता राजस्थान



**चूरू (सुरेश शर्मा)।** राज्य सरकार की मंशा के अनुसार जिले में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत गतिविधियां परवान पर हैं। रविवार को जिले के नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इसी क्रम में, जिला मुख्यालय पर रविवार आयोजित तिरंगा रैली में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, जिला प्रमुख वंदना आर्य, पुलिस अधीक्षक जय यादव, एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सीईओ मोहन लाल खटनावलिया सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापकों एवं शहरवासियों ने अपने वाहनों के साथ रैली में शिरकत की। इस दौरान तिरंगा लहरा रहे लोगों का आजादी के लिए जज्बा और देशप्रेम देखते ही बन रहा था। भारत माता की जय के नारों के साथ कलक्ट्रेट परिसर से शुरू हुई तिरंगा रैली सानिवि डाक बंगला, पुराना बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन, शास्त्री मार्केट, धर्मस्तूप होते हुए वापस कलक्ट्रेट पहुंची। शहर के लोगों ने जगह-जगह तिरंगा रैली पर पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत करते हुए अपने जज्बे का इजहार किया। इस मौके पर जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि चूरू वह जिला है जिसने आजादी के संघर्ष में अपना योगदान दिया और आजादी से पहले ही आजादी के दीवानों ने यहां धर्मस्तूप पर 26 जनवरी 1930 को तिरंगा फहराया। ?सी देशभक्ति से जुड़ी जगह के लोगों में देशप्रेम का यह ज्वार स्वाभाविक ही है। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान में और अधिक उत्साह के साथ भागीदारी करें और प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान में शामिल हो। रैली में एडिशनल एसपी लोकेंद्र दादरवाल, एसीईओ दुर्गा देवी ढाका, सीडीईओ जगवीर यादव, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, शिव कुमार शर्मा, बिजेंद्र दाधीच, पशुपालन के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, एडीपीआर कुमार अजय, सहायक निदेशक डॉ निरंजन चिरानियां, लोहिया कॉलेज के डॉ मूलचंद, रामूराम बुंदेला, सहायक सांख्यिकी अधिकारी विक्रम गुर्जर, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक रामसिंह सिहाग, रामस्वरूप फगेड़िया, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, एपीआरओ मनीष कुमार, कोतवाल मुकुट बिहारी, उदय, जॉयल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र राठौड़, सहायक विकास अधिकारी प्रेमसिंह चौहान, सचिन डोरवाल, दूलीचंद सोनी सहित बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।



## महामण्डलेश्वर कपिल मुनि ने आमजन को तिरंगा ध्वज बाटकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आव्हान किया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान)।** भारतीय जनता पार्टी आशापुरा माता मंडल के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान की जागरूकता के तहत आज ब्रह्मानंद धाम आश्रम में 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कपिलमुनि महाराज के मुख्य सानिध्य में और अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं संत समाज के द्वारा तिरंगा झंडा का वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कपिलमुनि महाराज ने आमजन को भारत देश के राष्ट्रीय ध्वज को हर घर, प्रतिष्ठान, भवन पर लगाने और फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही यह कहा कि देश के वीर जवानों, महापुरुषों और संतो के बलिदानों के बाद हमें यह आजादी मिली है। अतः प्रत्येक भारतीय नागरिक को अपने घर पर ओजपूर्ण गर्व के साथ भारत की आन, बान व शान के गौरव प्रतीक भारतीय तिरंगा झंडा फहराना चाहिए और इसका संकल्प दिलाया। इसके पश्चात स्वामी कपिल मुनि महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को तिरंगा वितरण भी किया।

तिरंगा झंडा का वितरण पूज्य महाराज कपिल मुनि के सानिध्य में किया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत दिनांक 12 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर पर तिरंगा लगने का आग्रह किया जा रहा है तथा सभी मंडलों में भाजपा की ओर से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरण भी किया जा रहा है और उसके साथ ही लोगों में प्रधानमंत्री का संदेश भी पहुँचाया जा रहा है।

इस दौरान कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान के विधानसभा संयोजक शिवप्रकाश सामरिया, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, आशापुरा माता मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र कावड़िया, महामंत्री कार्यक्रम संयोजक हिमांशु शर्मा, सह संयोजक राज जांगिड़, मंडल मंत्री कुंजबिहारी कोलंबिया, कंचन रावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोलू पहलवान सहित बड़ी संख्या में पूज्य महाराज, संत समाज, भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## राजस्थान ब्राहमण महासभा की महिला व पुरूष की ब्यावर इकाई का हुआ गठन

## कार्यकारी अध्यक्ष ब्रिजेश शर्मा ने सबको एक मंच पर आने का किया आव्हान

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान)।** ब्यावर में रविवार को राजस्थान ब्राहमण महासभा जिला इकाई ब्यावर के अध्यक्ष पद पर एडवोकेट विजय पारीक को मनोनित किया हैं। इस अवसर पर सरंक्षक टीम में बी एन व्यास, हरिश चन्द्र शर्मा, प्रमोद वाजपेयी, दिनेश शर्मा, रमेश शर्मा, मुकेश पाण्डे, ओम प्रकाश मिश्रा, कालूराम निमानिया, वैद्य राजेन्द्र शर्मा, विष्णु शर्मा व संरक्षक और मार्गदर्शक के रूप में मनोज शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई।

रविवार को अजमेर रोड स्थित परशुराम भवन में कार्यकारिणी विस्तार एवं पोधा वितरण एवं पोधारोपण कार्यक्रम के तहत प्रदेश से पधारे सदस्यों में कार्यकारी अध्यक्ष ब्रिजेश उपाध्याय, अजमेर के जिला अध्यक्ष नरेश कौशिक और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र दाधीच के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर के एम जोशी, नरेन्द्र शर्मा, मनोज शर्मा, कृष्ण मुरारी पारीक को चुना गया हैं। वही उपाध्यक्ष पद पर यज्ञेश शर्मा व तुषार दुबे है। महासचिव पद पर योगेश कुमार पंचोली, सचिव पद पर मुकेश कुमार शर्मा, अमित शर्मा, रसिक बिहारी व्यास, हितेश पारीक, कुशाल पारीक, विशिष्ठ सलाहकार पद पर संदीप भार्गव, कोषाध्यक्ष पद पर संजय पाण्डे, संगठन मंत्री पद पर चिराग शर्मा, जे पी शर्मा, राहुल शर्मा, सौरव भारद्वाज, मुकेश शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, दीपक शर्मा हैं। प्रचार मंत्री पद पर रत्नेश शर्मा, हेमन्त लाडा, राहुल पारीक, भानु शर्मा, अविनाश शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। मीडिया प्रभारी के रूप में मुकेश शर्मा, शशांक त्रिपाठी, सुमित सारस्वत, मयंक भारद्वाज, शैलेष शर्मा, वृतंजय आर्य, आन्तरिक अंकेक्षण पद पर मोहित दान, आशीष त्रिपाठी, मीडिया सलाहकार के पद पर गोविन्द शर्मा, विष्णुदत्त धीमान व सत्यकांत दाधीच, खेल मंत्री ब्रिजेश शर्मा, जसराज शर्मा, राजेश आतरे, विधि प्रभारी योगेश शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, रामेन्द्र शर्मा, अभिषेक दाधीच, संस्कृति मंत्री पद पर अरूण भारद्वाज, सुनिल शर्मा, विजय शर्मा, प्रवीण शर्मा, शुभम शर्मा, मनोज शर्मा और ऐसे ही युवा प्रकोष्ठ पद पर भुवनेश शर्मा व हिमांशु शर्मा को चुना गया हैं। इसी तरह राजस्थान ब्राहमण महासभा महिला प्रकोष्ठ की भी कार्यकारिणी का गठन किया गया हैं। जिसमें संरक्षक पद पर आशा शर्मा, ललिता शर्मा, श्यामलता शर्मा, कौशल्या कौशिक, मुख्य मार्गदर्शक पद पर प्रीति शर्मा को चुना गया हैं। महिला अध्यक्ष पद पर लक्ष्मी भारद्वाज, उपाध्यक्ष पद पर अंजजि भारगव, महासचिव पद पर सुनिता शर्मा, सचिव पद पर रागिनी शर्मा, प्रभा पारीक, सांस्कृतिक मंत्री पद पर निधि शर्मा व लता, संगठन मंत्री पर सुलक्षणा शर्मा, मीनाक्षी, ममता, व्यवस्थ मंत्री पद पर रेणु भारद्वाज, रोजी शर्मा, अनिता शर्मा, रेखा जोशी व रितु पाण्डे को चुना गया हैं। उक्त महिला व पुरूष राजस्थान ब्राहमण महासभा ब्यावर इकाई की कार्यकारिणी के गठन के बाद पौधो को सभी को वितरण किया गया। महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ब्रिजेश उपाध्याय ने सभी से आव्हान करते हुए कहा समाज को अलग अलग धडो मे बांटने के बजाय एक जाजम पर आकर संगठित होकर अपनी आवाज को बुलन्द करें। उन्होंने समाज में किये गये कार्यो की जानकारी दी। समारोह के बाद परशुराम भवन के दोनों गेट पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ब्रिजेश उपाध्याय, नरेश कौशिक, हरिश चन्द्र शर्मा, रमेश शर्मा, मुकेश पाण्डे, विजय पारीक, प्रीति शर्मा, लक्ष्मी भारद्वाज, आशा शर्मा, ललिता शर्मा, सुलक्षणा, सुनिता, रागिनी आदि कई पदाधिकारियों ने पोधारोपण कार्यक्रम में पोधे व ट्री गार्ड लगाकर हर घर पोधा लगाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन सुमित सारस्वत ने किया।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत शिक्षकों ने हाथ मे तिरंगा लेकर आमजन से किया आव्हान

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (नि.स.)।** हर घर तिरंगा अभियान 2024 के तहत तिरंगा ट्रिब्यूट शहीदों के सम्मान में राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर के सभागार में मुख्य अतिथि शिवकुमार दुबे जिला शिक्षा अधिकारी के सानिध्य में आयोजित किया गया।

तिरंगा शहीद सम्मान को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दुबे ने इस राष्ट्र को स्वतंत्र कराने वाले अनाम शहीदों का नमन करते हुए राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को प्रेरित किया कि हम इस राष्ट्र के निर्माण में अपने आप को समर्पित करें तथा माननीय मुख्यमंत्री महोदय का भी धन्यवाद दिया कि स्वतंत्रता दिवस के पूर्व यह तीन दिवसीय कार्यक्रम बच्चे बच्चे के मन में राष्ट्र भाव जागृत कर रहा है। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य अब्दुल हनीफ खान पटेल ब्यावर ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया तथा तिरंगा आन बान शान हमारे देश की पहचान के साथ सभी को राष्ट्रभक्ति पूर्ण संबोधन दिया।


कार्यक्रम को कार्यक्रम को कैलाश चंद्र एसीबीईओ जवाजा प्रधानाचार्य अरुण जोशी, राजेंद्र प्रजापति, महेश कुमार शर्मा, सीडीपीओ हितेश यादव, प्रधानाचार्य नीतू, विजय, सुमन वाला सैनी सुरेश फुलवारी, मुरली मनोहर ने संबोधित किया। संचालक गुरु शरण गोयल उप प्रधानाचार्य महात्मा गांधी जवाजा ने 'शहीद का संदेश' कविता का सुंदर वाचन किया। कार्यक्रम में पूजा वासवानी, नीतू मिश्रा, कंचन परिहार, प्रीति परिहार, आशा चौहान, हर्षित पारीक, सौरभ धाभाई, महेंद्र पाल वर्मा, शिवलाल, नरेश कुमार, विष्णु दत्त गोयल, मोहन सिंह चौहान, गजानंद सैन, बलराज सिंह राठौड़, दीपक, कुंदन लाल वर्मा और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही। कार्यक्रम की प्रारंभ में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के अंत में शहीदों को 2 मिनट का मौन तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। संचालन उपप्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल ने किया।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे जघन्य अत्याचार पर अखिल भारत हिन्दु क्रान्ति सेना के अध्यक्ष ने जताया रोष

**प्रधानमंत्री से शीघ्र हस्तक्षेप कर कार्यवाही की मांग की**

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान)।** अखिल भारत हिन्दु क्रान्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द सोनी ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे जघन्य अपराधों के खिलाफ आवश्यक कदम उठाने व हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव गृहमंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा हैं। सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सोनी ने अपने पत्र के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह से अनुरोध किया है कि हमारे पडोसी देश बांग्लादेश में लोकतंत्र की हत्या की गई हैं। वहां लोकतांत्रिक रूप से जनता द्वारा चुनी हुई सरकार का तख्ता पलटते हुए जमात समर्थित उग्रवादी संगठन ने देश पर कब्जा कर लिया हैं। उग्रवादी संगठन द्वारा अल्पसंख्यक हिन्दुओ के साथ सोची समझी साजिश के तहत अत्याचार किये जा रहे हैं। हिन्दुओं का नरसंहार किया जा रहा है तथा हिन्दु महिलाओं और बच्चियों के साथ इंसानियत की हद पार करते हुए ऐसे अमानवीय, वहशीपन के कृत्य किये जा रहे हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इन कृत्यों के वीडियों बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किये जा रहे हैं। अनेक हिन्दु मन्दिरों में तोडफोड की गई हैं तथा अनेक हिन्दुओं के मकानों को आग के हवाले कर दिया गया हैं। समूचे बांग्लादेश में कानून का राज समाप्त हो गया है। इस मामले को लेकर बांग्लादेश की सेना के सर्वोच्च कमान को हिन्दुओं को सुरक्षा प्रदान करने अन्यथा अंजाम भुगतने का सख्त संदेश देना चाहिये। देश मे सीएए को जल्द लागू करते हुए हमें हमारे हिन्दु भाईयों बहनों को भारत मे आने की स्वीकृति प्रदान करने व नागरिकता प्रदान करने की पहल करनी चाहिये। साथ ही देश में रह रहे अवैध बांग्लादेशी घुसपेठियों को देश से बाहर खदेडना चाहिये।

## तिलस्वा महादेव से कावड़ यात्रा की निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (संजय जैन)।** मारुति मानस मंडल के प्रवक्ता विजय अरोड़ा ने बताया कि 55 कीलोमीटर दुर श्री तिलस्वा महादेव मनदिर से मारुति मानस मंडल के करीब 300 से ज्यादा कावड़ यात्री नंगे पांव चलकर सोमवार को रावतभाटा पहूंचगे। महाराणा प्रताप कॉलेज से नगर में भव्य शोभायात्रा के रूप में कावड़ यात्रियों को लाया जाएगा वं कोटा बेरियल स्थित श्री गणपति ज्ञान गणेश मंदिर में कावडियों द्वारा जल अभिषेक किया जाएगा। कावड यात्रा अध्यक्ष दिलीप मीणा ने बताया कि शोभायात्रा मे विधायक साहब डॉ सुरेश जी धाकड़ भी मोजूद रहेंगे। शोभायात्रा को भव्य रूप देने के लिए मारुति मानस मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई बैठक में मारुति मानस मंडल के मुख्य संरक्षक कमल अरोड़ा संरक्षक दिनेश सेन मंडल अध्यक्ष श्याम गुलाटी कावड़ यात्रा अध्यक्ष दिलीप मीणा पूर्व अध्यक्ष राजकुमार वाधवा संजय तिवारी विजय अरोड़ा कावड़ यात्रा संरक्षक लाल देरा श्री दिनेश रेढूदीया हरीश राठौर सजय रेढूदीया बालकिशन गुलाटी हर्ष जैन गुलशन वाधवानी अजीत मराठा राहुल राठौर कृष्णा सोनी निखिल सेन सतीश राठौर मिथिलेश सिंह अरुण राठौर राहुल धोबी शुभम राठौड़ प्रिंस वाधवानी विजय माली नमन वाधवा पवन सेन नरेंद्र लक्षकार उमेश सेन रवि राठौर बंटी गोड़ विवेक तिवारी जीतू जैन बिट्टू डाबी पकज परमार यस रेतुडिया यस सोनी मारूति मानस मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत भुंवाला में सामोलाई बालाजी से ओला की ढाणी तक सड़क का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

जयपुर/भुवांला। दिनांक 11.08.2024 को ग्राम पंचायत भुंवाला में सामोलाई बालाजी वाया ओला की ढाणी सड़क का शुभारंभ समारोह पूर्वक ग्राम पंचायत भुवाला से किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत भुवाल के सरपंच प्रतिनिधि प्रतिनिधि रामचंद्र सुण्डा,ठेकेदार, मंगल सिंह, मूलचंद मीणा, राम प्रताप सुण्डा, बाबूलाल बगड़ीया रामनिवास रोहलन, उपसरपंच शंकर लाल, भवानी सिंह, मनीष जांगिड़,राहुल सुण्डा, डालूराम बगड़ीया,खेताराम एवं अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## रावतभाटा अणुशक्ति परियोजना कर्मचारी संघ इंटक में विवाद का समाधान, नई कमेटी का गठन

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (संजय जैन)।** राजस्थान अणुशक्ति परियोजना कर्मचारी संघ इंटक में पिछले चार-पाँच साल से विवाद चल रहा था।इस कारण यूनियन की एकता की ताक़त एवं कर्मचारी हितों को निरंतर नुक़सान व असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसी क्रम में यूनियन के सक्रिय एवं क्रियाशील सदस्यों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली से अलग-अलग स्तर पर संपर्क किरके इस विवाद का समाधान करने का आग्रह किया गया। जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पिछले माह 25 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा एक कमेटी जिसमें प्रदेश महामंत्री नरोत्तम जोशी और प्रदेश उपाध्यक्ष डी पी सिंह को पत्र जारी करके यूनियन में एकीकरण की ज़िम्मेदारी दी गई।

सक्रिय सदस्यों से बात करके यूनियन में एकीकरण की स्थापना करने के लिए दोनों प्रदेश पदाधिकारियों ने अलग अलग स्तर पर व्यक्तिगत एवं सामूहिक चर्चा करके एकीकरण एवं एकता की ताक़त को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।परिणामतः आपसी चर्चा के बाद सहमति बनी और यह निर्णय लिया गया कि वर्तमान पदाधिकारियों में से चार प्रमुख पदाधिकारियों को जोड़कर एक छोटी कमेटी बना दी जाए और मान्यता के लिए होने वाले चुनाव में इन चारों पदाधिकारियों के सामूहिक नेतृत्व में समस्त पदाधिकारी से चार सितंबर को होने वाले चुनाव में सफलता प्राप्त करने की अपेक्षा की गई। कमेटी में श्री मनोज डागुर अध्यक्ष, श्री एस एस नागर कार्यकारी अध्यक्ष, श्री आर के भाटी एवं श्री आर के गौतम दोनों को महामंत्री मिलाकर संयुक्त कमेटी का गठन किया गया।चुनावों के बाद सभी लोग मिल जुलकर एक सक्रिय ज्वाइंट कमेटी बनाएंगे जो आगे आने वाले समय में यूनियन का संचालन करेंगे और दिन प्रतिदिन दिन की गतिविधियों का संचालन करेंगे।इस निर्णय की रिपोर्ट पर्यवेक्षकों द्वारा प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष जी को दी जा चुकी है।प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदीश राज जी श्रीमाली द्वारा कमेटी के गठन की सूचना जारी करने की सहमति मिल गई है।

## इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा को अलग से बजट प्रदान किए जाने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री का अभिनंदन कर जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी (नि.स.)।** इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा परिषद राजस्थान द्वारा इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा को अलग से बजट प्रदान किए जाने पर रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय के सभागार में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार एव अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।जिसमें संपूर्ण राजस्थान के परिषद से जुड़े हुए हज़ारो डॉक्टर्स ने भाग लिया। इस अभिनंदन कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष हेमंत सेठिया ने कहा कि काफी सालो के संघर्ष के बाद आज पिछली सरकार ने जो राजस्थान के स्वास्थ्य हितार्थ इस निरापद एव दोष रहित को बिना कारण के टालते रहे उस अपूर्ण और एतिहासिक कार्य के संबंध में हमारे मुख्यमंत्री ने इस इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति को बजट में शामिल करते हुए बजट देने का एतिहासिक कार्य किया है जिसके लिए संपूर्ण राजस्थान के इस पद्धति से जुड़े हुए चिकित्सक और उनके परिवारज़न मुख्यमंत्री का आभार और अभिनंदन करते है।इसी कार्यक्रम में उपस्थित विधायक गोपाल लाल शर्मा ने राजस्थान की जनता के हितार्थ मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## हत्यारो की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने रेली निकाल किया थाने का घेराव



बढ़ता राजस्थान

**रायपुर/ब्यावर(श्याम सैनी)।** रास ग्राम में गत दिनों मंदरूप गुर्जर की संदिग्ध परिस्थिति में हुए मर्डर के मामले को लेकर आज मृतक के परिजनो सहित सैकड़ो की संख्या में गुर्जर समाज के लोगों ने गुर्जर नेता कृष्ण सिंह गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि देवकरण गुर्जर, पुष्पेंद्र सिंह कुड़की इत्यादि के नेतृत्व में रास ग्राम में आक्रोश रैली निकाली और अज्ञात हत्यारो की गिरफ्तारी की मांग की गई। वही आक्रोश रैली पूरे ग्राम में निकालने के बाद रास थाना परिसर में पहुंची और थाना का घेराव करते हुए गुर्जर नेता सहित समाज के लोगो ने नारेबाजी की और हत्यारो को अब तक पुलिस द्वारा गिरफ्तार नही करने को लेकर भारी आक्रोश जताया।

वही मामले को लेकर जैतारण पुलिस वृताधिकारी विजय सिंह, तहसीलदार जैतारण, रास थानाधिकारी हुकुम गिरी, आनंदपुर कालू थानाधिकारी हनुमान राम विश्नोई भी मौके पर मौजूद है और मामले को लेकर आक्रोशित गुर्जर समाज के लोगों से समझाइश और वार्तालाप की जा रही हैं। वही मौके पर भारी पुलिस जाप्ता भी मौजूद है।

## सम्पादकीय

### सलाखों पर सवाल, सिसोदिया के सत्रह महीनों का हिसाब कौन देगा, कोर्ट ने माना है जमानत नियम है और जेल अपवाद

आखिरकार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत दे दी। हालांकि इसमें कुछ शर्तें भी जोड़ी हैं, पर अदालतों को एक बार फिर नसीहत दी है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद। किसी की जमानत सजा के तौर पर नहीं टाली जानी चाहिए। हालांकि यह बात सर्वोच्च न्यायालय पहले भी कई बार कह चुका है, मगर निचली अदालतें इसे गंभीरता से लेती नजर नहीं आतीं। मनीष सिसोदिया को दिल्ली आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में पहले प्रवर्तन निदेशालय और फिर सीबीआइ ने जेल में बंद कराया था। सिसोदिया निचली अदालत से उच्च न्यायालय के बीच अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते और जमानत की अपील करते रहे, मगर किन्हीं तकनीकी कारणों से उन्हें सलाखों के पीछे ही रहने पर मजबूर होना पड़ा। करीब सत्रह महीने उन्होंने जेल में बिताए। जाहिर है, उनकी जमानत से आम आदमी पार्टी में उत्साह का माहौल है। मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि जब एक निर्वाचित सरकार के जिम्मेदार पद का निर्वाह कर रहे व्यक्ति को इतने लंबे समय तक जेल में रहने पर मजबूर होना पड़ता है, तो सामान्य नागरिक के बारे में क्या उम्मीद की जा सकती है। ये सवाल बेवजह नहीं उठ रहे हैं कि आखिर सिसोदिया के सत्रह महीनों का हिसाब कौन देगा। सिसोदिया अकेले ऐसे नेता नहीं हैं, जिन्हें इस तरह सीखचों के पीछे लंबा वक्त गुजारना पड़ा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी जेल में रह चुके हैं। सत्येंद्र जैन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी तक जमानत की आस लगाए हुए हैं। इस मामले में जांच एजंसियों के कामकाज पर गहरे सवाल उठे हैं। दिल्ली आबकारी मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सेना की जमीन खरीद घोटाले के आरोप में हेमंत सोरेन को जांच एजंसियों ने बिना पुख्ता आधार और दोषसिद्धि के लंबे समय तक जेल में डाले रखा। इसमें निचली अदालतों ने भी गंभीरता से विचार नहीं किया कि इस तरह जिम्मेदार पदों का निर्वाह करने वालों को जेलों में डालने से आखिरकार सार्वजनिक महत्त्व के कामकाज बाधित होते हैं।

किसी को जमानत देने का यह अर्थ कतई नहीं होता कि उसे दोषमुक्त कर दिया गया। उसके खिलाफ लगे आरोपों की जांच तो चलती रह सकती है और दोषसिद्धि पर उसे सजा भुगतनी ही पड़ेगी। इस तरह केवल आरोप और आशंका के आधार पर लोगों को लंबे समय तक जेलों में बंद रखना एक तरह से नाहक सजा देने के बराबर ही माना जाता है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय की नसीहत पर गंभीरता से पालन के अपेक्षा की जाती है। पिछले कुछ वर्षों से प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकंजा कसने के नाम पर जिस तरह अंधाधुंध छापे मारे और गिरफ्तारियां की, उसे लेकर उन पर आरोप लगते रहे हैं कि वे सत्तापक्ष के इशारे पर, उसकी राजनीतिक मंशा के अनुरूप काम करती हैं। वे जानबूझ कर तकनीकी अड़चनें पैदा कर अदालत को जमानत देने से रोकने का प्रयास करती देखी जाती हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष

# युवा क्रांति के साथ शांति के नये छंद रचें

**स्वामी विवेकानन्द ने भारत के नवनिर्माण के लिये मात्र सौ युवकों की अपेक्षा की थी। क्योंकि वे जानते थे कि युवा 'विजनरी' होते हैं और उनका विजन दूरगामी एवं बुनियादी होता है। उनमें नव निर्माण करने की क्षमता होती है। नया भारत निर्मित करते हुए नरेन्द्र मोदी को भी युवाशक्ति को आगे लाना होगा। युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। वो देश की नींव हैं, जिस पर देश की प्रगति और विकास निर्भर करता है। लेकिन आज भी बहुत से ऐसे विकसित और विकासशील राष्ट्र हैं, जहाँ नौजवान ऊर्जा व्यर्थ हो रही है। कई देशों में शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचना की कमी है तो कहीं प्रछन्न बेरोजगारी जैसे हालात हैं। युवा अनेक विसंगतियों एवं बुराइयों से घिरे हैं।**

ललित गर्ग



युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसी ध्येय से सारी दुनिया प्रतिवर्ष 12 अगस्त को अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाती है। सन् 2000 में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन आरम्भ किया गया था। यह दिवस मनाने का मतलब है कि युवाशक्ति का उपयोग विध्वंस में न होकर निर्माण में हो। युवा, शांति और सुरक्षा पर सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2250 (9 दिसंबर 2015) शांति को बढ़ावा देने और उग्रवाद का मुकाबला करने में युवा शांति निर्माताओं को शामिल करने की तत्काल आवश्यकता की अभूतपूर्व स्वीकृति का प्रतिनिधित्व करता है, और स्पष्ट रूप से युवाओं को वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थान देता है। पूरी दुनिया की सरकारें युवा के मुद्दों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करे। न केवल सरकारें बल्कि आम-जनजीवन में भी युवकों की स्थिति, उनके सपने, उनका जीवन लक्ष्य आदि पर चर्चाएं हो। युवाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इन्हीं मूलभूत बातों को लेकर यह दिवस मनाया जाता है।

विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन की निरंतर हो रही वृद्धि। युवापीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा युवक किसी न किसी नशे का आदी हो चुका है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ युवा नहीं मिलेंगे। एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे अपना पूर्व गौरव प्राप्त कर सकेगा? इन स्थितियों के बावजूद युवाओं को एक उन्नत एवं आदर्श जीवन की ओर अग्रसर करना वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। युवा सपनों को आकार देने का अर्थ है सम्पूर्ण मानव जाति के उन्नत भविष्य का निर्माण। यह सच है कि हर दिन के साथ जीवन का एक नया लिफाफा खुलता है, नए अस्तित्व के साथ, नए अर्थ की शुरूआत के साथ, नयी जीवन दिशाओं के साथ। हर नई आंख देखती है इस संसार को अपनी ताजगी भरी नजरों से। इनमें जो सपने उगते हैं इन्हीं में नये समाज की, नयी आदमी की नींव रखी जाती है। यौवन को प्राप्त करना जीवन का सौभाग्य है। जीने की तीन अवस्थाएं बचपन, यौवन एवं बुढ़ापा हैं, सभी युवावस्था के दौर से गुजरते हैं, लेकिन जिनमें युवकत्व नहीं होता, उनका यौवन व्यर्थ है। उनके निस्तेज चेहरे, चेतना-शून्य उच्छ्वास एवं निराश सोच मात्र ही उस यौवन की साक्षी बनते हैं, जिसके कारण न तो वे अपने लिये कुछ कर पाते हैं और न समाज एवं राष्ट्र को ही कुछ दे पाते हैं। वे इतना सतही जीवन जीते हैं कि व्यक्तिगत स्पर्द्धाओं एवं महत्वाकांक्षाओं में उलझकर अपने ध्येय को विस्मृत कर देते हैं। उनका यौवन कार्यकारी तो होता ही नहीं, खतरनाक प्रमाणित हो जाता है। युवाशक्ति जितनी विराट् और उपयोगी है, उतनी ही खतरनाक भी है। इस परिप्रेक्ष्य में युवाशक्ति का रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपयोग करने की जरूरत है। गांधीजी से एक बार पूछा गया कि उनके मन की आश्वस्ति और निराशा का आधार क्या है? गांधीजी बोले- 'इस देश की मिट्टी में अध्यात्म के कण हैं, यह मेरे लिये सबसे बड़ा आश्वासन है। पर इस देश की युवापीढ़ी के मन में करुणा का स्रोत सूख रहा है, यह सबसे बड़ी चिन्ता का विषय है।' गांधीजी की यह चिन्ता सार्थक थी। मूल प्रश्न है कि क्या हमारे आज के नौजवान भारत को एक सक्षम देश बनाने का स्वप्न देखते हैं? या कि हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी केवल उपभोक्तावादी संस्कृति से जन्मी आत्मकेन्द्रित पीढ़ी है? दोनों में से सच क्या है? दरअसल हमारी युवा पीढ़ी महज स्वप्नजीवी पीढ़ी नहीं है, वह रोज यथार्थ से जूझती है, उसके सामने भ्रष्टाचार, आरक्षण का बिगड़ता स्वरूप, महंगी होती जाती शिक्षा, कैरियर की चुनौती और उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को कुचलने की राजनीति विसंगतियां जैसी तमाम विषमताओं और अवरोधों की ढेरों समस्याएं भी हैं। उनके पास कोरे स्वप्न ही नहीं, बल्कि आंखों में किरकिराता सच भी है। इन जटिल स्थितियों से लौहा लेने की ताकत युवक में ही हैं। क्योंकि युवक शब्द क्रांति का प्रतीक है। विचारों के नभ पर कल्पना के इन्द्रधनुष टांगने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है, बेहतर जिंदगी जीने के लिए मनुष्य को संघर्ष आमंत्रित करना होगा। वह संघर्ष होगा विश्व के सार्वभौम मूल्यों और मानदंडों को बदलने के लिए। सत्ता, संपदा, धर्म और जाति के आधार पर मनुष्य का जो मूल्यांकन हो रहा है मानव जाति के हित में नहीं है। दूसरा भी तो कोई पैमाना होगा, मनुष्य के अंकन का, पर उसे काम में नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि उसमें अहं को पोषण देने की सुविधा नहीं है। क्योंकि वह रास्ता जोखिम भरा है। क्योंकि उस रास्तें में व्यक्तिगत स्वार्थ और व्यामोह की सुरक्षा नहीं है। युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि संघर्ष को आमंत्रित करे, मूल्यांकन का पैमाना बदले, अहं को तोड़े, जोखिम का स्वागत करे, स्वार्थ और व्यामोह से ऊपर उठे। युवा दिवस मनाने का मतलब है-एक दिन युवकों के नाम। इस दिन पूरे विश्व में युवापीढ़ी के संदर्भ में चर्चा होगी, उसके ह्रास और विकास पर चिंतन होगा, उसकी समस्याओं पर विचार होगा और ऐसे रास्ते खोजे जायेंगे, जो इस पीढ़ी को एक सुंदर भविष्य दे सकें। इसका सबसे पहला लाभ तो यही है कि संसार भर में एक वातावरण बन रहा है युवापीढ़ी को अधिक सक्षम और तेजस्वी बनाने के लिए। युवकों से संबंधित संस्थाओं को सचेत और सावधान करना होगा और कोई ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम हाथ में लेना होगा, जिसमें निर्माण की प्रक्रिया अपनी गति से चलती रहे। विशेषत: राजनीति में युवकों की सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। अर्नाल्ड टायनबी ने अपनी पुस्तक 'सरवाइविंग द फ्यूचर' में नवजवानों को सलाह देते हुए लिखा है 'मरते दम तक जवानी के जोश को कायम रखना।' उनको यह इसलिये कहना पड़ा क्योंकि जो जोश उनमें भरा जाता है, यौवन के परिपक्व होते ही उन चीजों को भावुकता या जवानी का जोश कहकर भूलने लगते हैं। वे नीति विरोधी काम करने लगते है, गलत और विध्वंसकारी दिशाओं की ओर अग्रसर हो जाते हैं। इसलिये युवकों के लिये जरूरी है कि वे जोश के साथ होश कायम रखे। इसीलिये सुकरात को भी नवयुवकों पर पूरा भरोसा था। वे जानते थे कि नवयुवकों का दिमाग उपजाऊ जमीन की तरह होता है। उन्नत विचारों का जो बीज बो दें तो वही उग आता है। एथेंस के शासकों को सुकरात का इसलिए भय था कि वह नवयुवकों के दिमाग में अच्छे विचारों के बीज बोने की क्षमता रखता था। आज की युवापीढ़ी में उर्वर दिमागों की कमी नहीं है मगर उनके दिलो दिमाग में विचारों के बीज पल्लवित कराने वाले स्वामी विवेकानन्द और सुकरात जैसे लोग दिनोंदिन घटते जा रहे हैं। कला, संगीत और साहित्य के क्षेत्र में भी ऐसे कितने लोग हैं, जो नई प्रतिभाओं को उभारने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते हैं? हेनरी मिलर ने एक बार कहा था- ''मैं जमीन से उगने वाले हर तिनके को नमन करता हूं। इसी प्रकार मुझे हर नवयुवक में वट वृक्ष बनने की क्षमता नजर आती है।''

## शख्सियत

**जीते जी हम किसी के काम आ सके तभी कंधों की अहमीयत है,वरना मरने के बाद कंधे लगाने हम परम्परा है उसका पुण्य से कोई लेना देना नहीं........**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं एक ऐसे युवा जब कोई कुंए में गिर जाता है तो उसी को याद किया जाता है। अपनी जान की परवाह किए बिना जुगनू कुंए में उतर कर जानवर या मनुष्य सभी को बचाने में अपनी जान झौंक देते हैं। जी हां मैं बात कर रहा हू वाल्मिकी समाज के इस होनहार युवा की तो आज राजगढ़ क्षेत्र में हीरो बन चुका है। जुगनू तमोली का जन्म 19 दिसम्बर सन 1980 को मुंबई में हुआ उनका बचपन वही मुंबई में रहा। बेटा जब 5वीं कक्षा में था तो यहां राजगढ़ अपने माता-पिता के पास आ गए। यहां राजगढ़ में रह कर समाजसेवा की उसके बाद नगर पालिका में सफाई कर्मी के तौर पर नौकरी ज्वाइन की। जुगनू तमोली का जीवों के प्रति विशेष सेवा भाव ह उनकी सेवा करना और जख्मी हो जाने पे उनकी मरहम पट्टी करना, उन्हें कुंए नालो में से निकालकर बचाना इनके बेहतरीन इंसानियत और व्यक्तित्व का एक हिस्सा हैं। सैकड़ों जानवरों गायों व बैलों सहित छोटे जानवरों को कुंए से निकाले जाने का जोखिम पूर्ण कार्य इनके द्वारा किया गया है। अनेक गले सड़े शवों को भी कुएं से निकाल के अपनी सेवा भावना का परिचय दिया। जुगनू ने आज तक 100 से ऊपर के लोगो को अपनी जान की परवाह न करते हुए कुंए से रेस्क्यू किया है। जिनसे कुछ तो जिंदा भी निकल आए हैं। राजगढ़ क्या आस-पास के इलाको में जब भी कोई कुंए में गिर जाता है तो सभी को एक ही नाम याद आता है जुगनू भाई को बुलाओं। जुगनू को कलेक्टर के द्वारा और डीआइजी के द्वारे उनके सेवा भाव और बहादुरी के लिए सम्मान दिया जा चुका है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।



जुगनू
( युवा समाजसेवी )

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 12 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- बादशाह अकबर के मंत्री अबुल फजल की 1602 में हत्या हुई।
- मुगल शासक ने 1765 में ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल, बिहार और उड़ीसा की दीवानी सौंपी। इसे राजनीतिक और संवैधानिक इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है।
- नीदरलैंड और बेल्जियम ने 1831 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- अमेरिका में शिकागो शहर की स्थापना 1833 में हुई।
- हेनरी फोर्ड की कार कंपनी ने 1908 में पहला कार मॉडल बनाया।
- फ्रांस और ब्रिटेन ने 1914 में ऑस्ट्रिया-हंगरी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- पोलैंड और रूस के बीच वारसॉ की लड़ाई 1920 को शुरू हुई।
- एम्सटर्डम में नौवें ओलम्पिक खेल 1928 को समाप्त हुये।
- क्यूबा का तानाशाह मचाडो वाई मोरालेस सैन्य तख्तापलट के बाद 1933 में भागा।
- गोताखोर मार्जोरी गेस्ट्रींग सबसे कम उम्र (13 वर्ष 268 दिन) के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 1936 में बने।
- फ्रेंच मार्शल हेनरी पीटेन ने 1941 में नाजी जर्मनी को पूर्ण समर्थन दिया।
- यूनान के लोनियन द्वीप में 1953 को भूकंप से 435 लोगों की जानें गई।
- नासा ने 1960 में अपना पहला सफल संचार उपग्रह ईको-ए प्रक्षेपित किया।
- पहली बार 1962 में एक साथ दो लोग अंतरिक्ष में गए।
- सीरिया ने 1971 में जॉर्डन से राजनयिक संबंध तोड़ा।
- इयान और ग्रेग चैपल ने 1972 में क्रिकेट टेस्ट मैच की एक ही पारी में शतक बनाया।
- आईबीएम ने 1981 को अपना पहला पर्सनल कंप्यूटर पेश किया जिसकी कीमत 16 हजार डॉलर रखी गई थी।
- लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में 23वें ओलंपिक खेलों का समापन 1984 में हुआ।
- विव रिचर्ड्स, डुजोन और मार्शल के लिए 1991 में टेस्ट क्रिकेट में अंतिम दिन।
- उत्तरी अमेरिका के राष्ट्रों- सं.रा. अमेरिका, कनाडा एवं मैक्सिको में मुक्त व्यापार समझौता (नाफ्टा) 1992 में सम्पन्न।
- कांगो गणराज्य की राजधानी ब्राजविल्ले में 1994 को एक चर्च में भगदड़ हो जाने से 142 लोग मारे गये।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2003 में भारत और इस्रायल के बीच फाल्कन सौदे को मंजूरी दी।
- फ्रांस के मशहूर स्ट्राइकर जिनेदिन जिदान ने 2004 में अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से सन्यास लिया। इराकी शहर नजफ पर अमेरिकी हमले में 165 मारे गये।
- यूरोपीय प्रक्षेपण यान एरियन-5 ने 2006 में जापान के संचार उपग्रह और फ्रांस के एक सैन्य उपकरण को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के यान एण्डेवर से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचे यात्रियों ने 2007 को स्टेशन पर नई बीम लगाई।
- आमिर ख़ान को उनकी फ़िल्म 'तारे ज़मीं पर' के लिए गोलापुड़ी श्रीनिवास मेमोरियल अवार्ड 2008 में प्रदान किया गया।
- भारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री सी.रंगराजन को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलहाकार परिषद का अध्यक्ष 2009 को नियुक्त किया गया। उन्होंने इस पद पर अपनी नियुक्ति के उपरान्त राज्यसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया।

विशेष आलेख

# बांग्लादेश में तख्तापलट इससे राहुल गांधी का क्या संबंध



रामस्वरूप रावतसरे

भारत की प्रमुख विपक्ष दल कॉन्ग्रेस के नेता राहुल गाँधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान बांग्लादेश की कट्टरपंथी नेता खालिदा जिया के भगोड़े बेटे तारिक रहमान से मुलाकात की थी। खालिदा जिया के जेल में रहने के दौरान तारिक रहमान को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। राहुल गाँधी और तारिक रहमान पर यह आरोप बांग्लादेश के एक वरिष्ठ पत्रकार ने लगाया है। बांग्लादेशी समाचार पत्र 'ब्लिट्ज़' के संपादक सलाहुद्दीन शोएब चौधरी ने 10 अगस्त 2024 को रिपब्लिक टीवी के एक शो में यह दावा किया। चौधरी ने डिबेट के दौरान कहा कि लंदन में हुई यह गुप्त बैठक बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी।

सलाहुद्दीन शोएब चौधरी ने दावा किया कि बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान के साथ हुई उस बैठक में राहुल गाँधी ने इस बात के लिए अपनी सहमति दी, जो आज बांग्लादेश में देखने को मिल रहा है। यानी शेख हसीना को हटाने के लिए दोनों के बीच सहमति बनी। सलाहुद्दीन शोएब चौधरी ने आगे कहा, बांग्लादेश पर तालिबान ने कब्जा कर लिया है और हिंदुओं का नरसंहार हो रहा है।बांग्लादेश के वरिष्ठ पत्रकार के इस दावे पर भाजपा ने कॉन्ग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, यह गंभीर मामला है। बालक बुद्धि को इस यात्रा के बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए और यह भी बताना चाहिए कि उन्होंने किससे मुलाकात की। भाजपा नेता सरदार आरपी सिंह ने भी राहुल गाँधी से सवाल किया है। सरदार आरपी सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, राहुल गाँधी को लंदन में बीएनपी के तारिक रहमान के साथ अपनी बैठक के बारे में स्पष्ट करना चाहिए। क्या उन्होंने बांग्लादेश में तख्तापलट और हिंदुओं के नरसंहार को आगे बढ़ाने का आदेश दिया था? यह जानकारी बांग्लादेश में बैठे ब्लिट्ज के संपादक सलाउद्दीन चौधरी ने साझा की है। तारिक रहमान का जन्म 20 नवंबर 1967 को बांग्लादेश की राजधानी ढाका हुआ है। वह बांग्लादेश की पहली महिला पीएम रहीं खालिदा जिया और बांग्लादेश के 7वें राष्ट्रपति रहे जियाउर रहमान के बेटे हैं। उनकी माँ खालिदा जिया इसके पहले वाली सरकार में एक राजनीतिक कैदी थीं। हाल ही में बांग्लादेशी सेना द्वारा देश तख्तापलट करने के बाद वह जेल से रिहा हुई हैं। रहमान ने अपना राजनीतिक जीवन 1988 में बीएनपी के प्राथमिक सदस्य के रूप में शुरू किया। उन्होंने 1991 में राष्ट्रीय चुनावों के दौरान अपनी माँ के लिए प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1996-2001 के दौरान जब अवामी लीग सत्ता में थी, रहमान ने हाशिए पर पड़े लोगों के लिए न्याय की आड़ में सरकार के खिलाफ सक्रिय रूप से आंदोलन चलाया। यूनाइटेड किंगडम में निर्वासित जीवन बिताने वाले तारिक रहमान 21 अगस्त 2004 को अवामी लीग की रैली पर ग्रेनेड फेंकने के मास्टरमाइंड है। इसमें शेख हसीना को निशाना बनाने के लिए सैन्य-ग्रेड आर्गेस ग्रेनेड से हमला किया गया था। हमले में महिला अवामी लीग की अध्यक्ष और दिवंगत राष्ट्रपति जिल्लुर रहमान की पत्नी इवी रहमान सहित 24 नेता और कार्यकर्ता मारे गए थे। इस हमले के लिए तारिक रहमान को अदालत ने 10 अक्टूबर 2018 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। 11 सितंबर 2008 को रहमान इलाज का बहाना बनाकर लंदन भाग गए। ऐसा भी कहा जाता है कि उन्होंने एक लिखित बॉन्ड दिया था कि वह भविष्य में राजनीति में शामिल नहीं होंगे। इसके बाद उन्हें लंदन जाने की अनुमति दी गई थी। खालिदा ज़िया ने दावा किया कि बांग्लादेश लौटने के बाद उनका बेटा सक्रिय रूप से राजनीति में भाग लेगा। हालाँकि, लंदन से ही तारिक शेख हसीना सरकार के खिलाफ काम करने लगे। इसके बाद तारिक को सजा होने के बाद शेख हसीना सरकार ब्रिटेन की सरकार पर तारिक के प्रत्यर्पण के लिए लगातार दबाव डाल रही थी। हालाँकि, वह इसमें सफल नहीं हुईं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

**वृष**
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे।

**मिथुन**
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रिय पात्र से मुलाकात होगी।

**कर्क**
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है। साथी कर्मचारी आपका सहयोग देंगे।

**सिंह**
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या**
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। धार्मिक काम होंगे। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

**तुला**
संतान की ओर से भी अच्छे समाचार मिलेंगे। किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

**वृश्चिक**
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा।

**धनु**
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढोतरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी।

**मकर**
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें।

**कुंभ**
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

**मीन**
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे। काम का उत्साह बना रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# 59वें लक्खी पदयात्रा मेले के नियन्त्रण कक्ष का एडीएम व सरपंच ने किया शुभारम्भ

## सम्पूर्ण डिग्गी धाम मेला अवधि के दौरान रहेगा कड़े व सख्त सुरक्षा पहरे में

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड की धार्मिक नगरी डिग्गी में 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले 59वें लक्खी पद यात्रा मेले के लिए ग्राम पंचायत प्रशासन की ओर से स्थापित मेला नियन्त्रण कक्ष का अतिरिक्त जिला कलक्टर सुरेश चौधरी ने शुभारम्भ किया।

रविवार से श्री कल्याण जी महाराज के पावन धाम डिग्गी में 15 अगस्त तक चलने वाला 59वां लक्खी पदयात्रा मेला शुरू हो गया। जयपुर के चौड़ा स्थित श्री ताड़केश्वर मन्दिर से 59वीं पदयात्रा शुरू हो गई। लक्खीपदयात्रा मेले के लिए ग्राम पंचायत डिग्गी की ओर से बस स्टेण्ड के आगे मुख्य सड़क स्थित तिराहे पर मेला नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस नियन्त्रण कक्ष का रविवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सुरेश चौधरी व सरपंच हलीमा ने फीता




काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार, उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत नायब तहसीलदार डिग्गी सूरज बैरवा, डिग्गी थानाप्रभारी कप्तान सिंह सम्मानीय अतिथि के रूप में मौजुद रहे। इन सभी अतिथियो का ग्राम पंचायत प्रशासन की ओर से सरपंच प्रतिनिधि हकीम भाई, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश चौधरी, कनिष्ठ सहायक सहित सभी वार्ड पंचो व डिग्गी ग्राम के प्रबुद्धजनो ने स्वागत सम्मान किया।

**मेला अवधि के दौरान कड़े व सख्त सुरक्षा पहले में रहेगा डिग्गी धाम :** डिग्गी में 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले 59वें लक्खी पदयात्रा मेले की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन चोक चोबन्द है। एएसपी रामकुमार कस्वा व डीवाईएसपी महेन्द्र कुमार ने बताया कि सम्पूर्ण मेला अवधि के दौरान डिग्गी के चप्पे चप्पे पर सख्त पहरा रहेगा। सम्पूर्ण डिग्गी क्षेत्र इस दौरान पुलिस के घेरे में रहेगी। मेले के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सात से अधिक जवानो व पुलिस अधिकारियो को तैनात किया गया है। जो चोबीस धंटे मेले में आने जाने वालो व हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखेगें। मेला अवधि के दौरान डिग्गी धाम में केवल पासशुदा वाहन ही प्रवेश कर सकेगें। दो पहिया व चार पहिया वाहनो के लिए पार्किंग व्यवस्था डिग्गी पुलिस थाने के पीछे की गई है। पैदल यात्रा के साथ आने वाली झाकियों को भी नुक्कड़ चौराहे पर ही रोका जाएगा।

**आकर्षक व रंगीन रोशनी से सजा मन्दिर :** 59वें लक्ख्री पदयात्रा मेले को लेकर श्री कल्याण जी महाराज के सम्पूर्ण मन्दिर को आकर्षक रंगीन व दूधिया रोशनी से रोशन कर आकर्षक सजावट की गई है। मेला अवधि के दौरान केवल भोग आरती के समय पट बंद होगें। श्रद्धालु सुबह मंगला आरती से लेकर रात्रि में शयन रात्रि तक श्री कल्याण जी महाराज के दर्शन कर सकेगें। मेले में असामाजिक तत्वो पर कड़ी निगरानी रखने के लिए श्री कल्याण मन्दिर ट्रस्ट की ओर से सम्पूर्ण मन्दिर परिसर में पचास के लगभग महिला व पुरूष नीजि गार्ड तैनात किए गए है। इसके अलावा सम्पूर्ण मन्दिर परिसर को तीसरी आंख सीसीटीवी केमरे की जद में रखा गया है। पदयात्रा में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को श्री कल्याण जी महाराज के आसानी से दर्शन करने की व्यवस्था की गई है।

### पदयात्रियो की सेवा करने वाले भी है तत्पर

डिग्गी के लक्खीपदयात्रा मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त करने वाले भी आने की तत्परता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। मालपुरा सीमा में प्रवेश करने के बाद से लेकर डिग्गी धाम आने तक श्रद्धालुओं के लिए विश्राम करने, भोजन व नाश्ता करने की नि:शुल्क व्यवस्था के लिए काउन्टर लग चुके हैं। इसी कड़ी में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा नुक्कड़ चौराहे से डिग्गी की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर अग्रवाल सेवा सदन के नजदीक भण्डारा लगाया जाएगा। वहीं श्री जी भंडारा परिवार मालपुरा की ओर से डिग्गी नुक्कड से जयपुर की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर एमिनेट कालेज के आगे स्थित बजरी टोल नाके पर भंडारा लगाया जाएगा। इन भंडारो का विधिवत शुभारम्भ 12 अगस्त सोमवार को होगा।

# कावड़िए बसो से हुए रवाना : आज पहुंचने वाली कावड़ यात्रा को लेकर प्रशासन मुस्तेद

## सुरक्षा व्यवस्था चाकचोबन्द, बाहर से आए पुलिस अधिकारियो व सुरक्षा दस्तो ने संभाला मोर्चा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा में सोमवार को आने वाली कावड़ यात्रा में शामिल होने वाले सभी पंजीबद्ध कावड़िए बसो से बीसलपुर रवाना हो गए। इधर सोमवार को आने वाली कावड़ यात्रा को प्रशासन पूरी तरह से मुश्तेद है साथ ही पुलिस प्रशासन की ओर से कावड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी व चाकचोबन्द कर दी गई है। श्री शिव कावड़ यात्रा समिति के तत्वावधान में बीसलपुर स्थित श्री गौणकेश्वर महादेव मन्दिर में पूजा अर्चना कर दोपहर बाद पंजीबद्ध सभी कावड़िए बसो से रवाना होकर बीसलपुर पहुंच गए। यहां से सभी कावड़िए पवित्र जल लेकर भगवान शंकर के जयकारो के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच मालपुरा के लिए रवाना होगें। ये कावड़िए मोर रात्रि विश्राम कर सोमवार को सुबह रवाना होकर सोमवार को देर शाम 4 बजे बाद मालपुरा टोडा रोड स्थित आरएसी चोकी पहुंचेगें। यहां से केवल पंजीबद्ध कावड़ियो व इनके साथ व्यवस्था में लगे मुख्य लोगो को कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना किया जाएगा। कावड़ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से निर्धारित शर्तो पर आरएसी चोकी से टोडा रोड होते हुए केकड़ी रोड तिराहे से आगे चलकर डेयरी तिराहे, व्यास सर्किल, सुभाष सर्किल होते हुए केदारनाथ मन्दिर तक जाने की अनुमति प्रदान की है।

प्रशासन द्वारा जारी स्वीकृति की शर्तो के अनुसार यात्रा को शांति पूर्ण तरीके से निकाले जाने की सम्पूर्ण व्यवस्था आयोजको की होगी। यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार से असामाजिक तत्वो की गतिविधियां नहीं हो इसकी भी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आयोजको की होगी। यात्रा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रो एवं डीजे बजाने पर पूर्णतया पाबन्दी होगी। यात्रा के भड़काऊ भाषण व आपत्तिजनक नारे नहीं लगाए जा सकेगें। कावड़ यात्रा के दौरान कोई भी संगठन या मंच सामूहिक रूप से एकत्रित होकर यात्रा के सम्पूर्ण मार्ग किसी भी प्रकार से कोई स्वागत या सम्मान कार्यक्रम नहीं रख सकेगें। कावड़ यात्री व उनके साथ व्यवस्था में लगे लोग किसी भी प्रकार से व किसी भी स्थिति में सरकारी सम्पति को नुकसान नहीं पहुंचा सकेगे। यात्रा में प्रशासन की ओर से जारी पासधारक पहचान पत्र रखने वाले यात्री व व्यवस्थापक शामिल हो सकेगें। इनके अलावा कोई भी व्यक्ति अथवा समूह किसी भी स्थिति में यात्रा में शामिल नहीं हो सकेगा। इन शर्तो की पालना के साथ कावड़ यात्रा को स्वीकृत शुदा मार्ग पर निकाले जाने की अनुमति दी गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि किसी भी स्थिति में शर्तो का उल्लघंन होने की स्थिति में स्वीकृति स्वत: ही निरस्त मानी जाएगी। स्वीकृति के निरस्त होने के बाद प्रशासन की ओर से जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगी उसके लिए आयोजक स्वयं जिम्मेदार होगें।

**सुरक्षा व्यवस्था चाक चोबन्द :** सोमवार को आने वाली कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी व चाकचोबन्द सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था बाबत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुवांर कस्वा व पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मालपुरा शहर व आसपास क्षैत्र की निगरानी के लिए आठ ड्रोन केमरे आसमान से व 50 के लगभग सीसीटीवी केमरे हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखेगें। कावड़ यात्रा के लिए पुलिस प्रशासन ने आठ सो के लगभग पुलिस,आरएसी , एसटीएफ के अधिकारी व जवान तैनात किए गए हैं। इनकी निगरानी के लिए भी पुलिस के आला अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यात्रा के दौरान सादा वर्दी में भी पुलिस व सुरक्षा एजेन्सियो के दस्ते कड़ी निगरानी रखेगें। यात्रा के मालपुरा सीमा में प्रवेश करने के साथ ही यात्रा मार्ग का यातायात बंद रखा जाएगा। जैसे जैसे यात्रा आगे बढ़ेगी उसी के साथ यातायात को भी आने जाने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के मालपुरा सीमा में आरएसी चोकी से रवाना होने से लेकर नवीन मण्डी स्थित श्री केदारनाथ मन्दिर में जलाभिषेक करने तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी व चाकचोबन्द रहेगी।

इस मार्ग में आने वाले मकानो के बाहर व छतो से भी सुरक्षा दस्ते प्रत्येक गतिविधि पर कड़ी ऱखेगें। इसके अलावा सम्पूर्ण कावड़ यात्रा की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। कावड़ यात्रा के चलते सम्पूर्ण मालपुरा शहर को कड़े सुरक्षा घेरे में लिया जाकर शहर की सम्पूर्ण गतिविधि पर कड़ी नजर रखे जाने की व्यवस्था की गई है। ड्रोम व सीसीटीवी केमरो का नियन्त्रण कक्ष पुलिस थाना परिसर होगा। जहां से यात्रा की हर गतिविधि व प्रत्येक कावड़िए पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

# रजवास से श्री शीतला माता धाम के लिए रवाना हुई विशाल पदयात्रा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत रजवास से श्री शीतला माता पदयात्रा संघ के तत्वावधान में तृतीय विशाल पदयात्रा शीतला माता की झांकी सजाकर व जोत जलाकर तेजाजी मंदिर से रवाना हुई। पदयात्रा का जुलुस जाटों के मोहल्ले से होते हुए गुर्जरों के मोहल्ला, जैन मोहल्ला व गुढढा होते हुए निवाई पहुंचा। पूर्व वार्ड पंच सुरज गुर्जर के सानिध्य में सभी पदयात्रियों का माला पहनाकर स्वागत कर पुष्प वर्षा के साथ अल्पाहार करवाया गया। श्रद्धालु सुरज गुर्जर ने बताया कि पदयात्रा का रात्रि विश्राम जयसिंहपुरा



बालाजी मंदिर चाकसू में होगा और सोमवार को सुबह ध्वज चढ़ाकर भोग लगाकर माहाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर पदयात्रा संघ के सदस्य मदन बड़वा, प्रेम गुर्जर, राजाराम माली, बाबूलाल माली, छीतर गुर्जर, हनुमान गुर्जर, रमेश गुर्जर, प्रेम माली, छोटू माली, नमोनारायण मीणा, शिवराज मीणा, राजेश चावला, शिवजी नाथ, रामफूल प्रजापत, कानाराम प्रजापत, राजू पंगाल, कानाराम पंगाल व राम पंगाल सहित कई पदयात्री मौजूद थे।

## डेढ़ माह से फरार जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** मलारना डूंगर थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी पिछले डेढ़ माह से फरार था। थानाधिकारी राधारमण गुप्ता ने बताया कि जानलेवा हमले के मामले में गिरफ्तार आरोपी बलराम पुत्र रामधन मीणा निवासी हरिरामपुरा थाना मलारना डूंगर है।

थानाधिकारी गुप्ता ने बताया कि हरिरामपुरा सांकड़ा निवासी सरोज बाई पत्नी अशोक कुमार मीणा ने डेढ़ माह पहले पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था। इसमें सरोज बाई ने बताया कि अपने पिता शिवलाल व मामा के लड़के गौरव के साथ एग्जाम देने के लिए मोटरसाइकिल से मलारना डूंगर जा रही थी। रास्ते में आरोपी मलखान, विजेंद्र, जितेंद्र, बलराम व बृजमोहन पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाकर बैठे थे। जिन्होंने पीड़िता और उसके परिजनों के साथ लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर घायल हो गए। उपचार के बाद सुमन बाई ने थाने में जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज करवाया था। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस ने आज आरोपी बलराम पुत्र रामधन मीणा को उसके गांव हरिरामपुरा से गिरफ्तार किया। अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

## सिरस में अधिक बरसात होने से आम रास्तों में भरा पानी, आवागमन रहा बंद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** सिरस कस्बे सहित आसपास के गांवों में रविवार की सुबह 8 बजे से शुरू हुआ तेज बरसात का दौर दोपहर 2 बजे तक जारी रहा जिससे खेतों व रास्तों में पानी भर गया। रास्तों में पानी भरने से आवागमन बंद हो गया जिससे लोगों को परेशानी उठानी पडी। रेलवे स्टेशन जाने वाले सडक़ पर बने बरसाती नाले के रपट से पानी का बहाव अधिक होने से वाहनों का आवागमन बंद रहा। जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल योगी, पूर्व उप सरपंच कैलाश प्रजापत, रामेश्वर नाथ, शिवचरण योगी व रामजस मीणा ने बताया कि तेज बरसात के बाद रपट पर पानी का बहाव अधिक हो गया। रविवार की शाम को पानी का बहाव अधिक होने से रोडवेज बस का संचालन भी बंद रहा। जिससे यात्रियों को आने जाने में समस्या बनी रही। रपट पर पुलिया नहीं होने से बरसात के मौसम में सिरस का आवागमन बंद हो जाता है । लोगों ने प्रशासन से रपट पर शीघ्र पुलिया बनाने की मांग की है।



# अधिकाधिक पौधारोपण करक परिपालन का लिया दायित्व

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत झिलाय के वार्ड नं. 08 में निवाई-बौंली रोड़ के आस-पास के क्षेत्र में नेहरू नवयुवक मण्डल के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर उनकी देखभाल एवं सुरक्षा का संकल्प लिया। मंडल के पूर्व एनवाईसी नीरजकुमार राजोरिया ने बताया कि युवा मण्डल द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर क्षैत्र में विभिन्न स्थानों पर 51 पौधें लगाकर उनकी देखभाल एवं सुरक्षा का जिम्मा लिया। इस दौरान गुलमोहर, नीम, करंज, वट वृक्ष व अमलतास सहित तरह-तरह के छायादार व फलदार पौधे लगाए। अन्य स्थानों पर नीम, आंवला, नीबू, अमलतास, बरगद, पीपल, सेमल, बील, सहजन, हार सिंगार व गुल मोहर सहित कई प्रजाति के सैकडों पौधे लगाये गए।

इस दौरान नन्दलाल जौलिया, प्रेमप्रकाश कवरिया, पूर्व वार्ड़पंच प्रमेदा रैगर, मुकेश प्रजापत, विजय जौलिया, रोहित कवरियां व सन्ट्यां रैगर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# तेज बरसात से पहाड़ के पीछे का चेक डेम टूटा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** दूसरे दिन भी क्षेत्र में तेज बारिश हुई। तेज बारिश होने से पहाड के पीछे बना हुआ वन विभाग को चेक डेम टूट गया जिससे सारा पानी बहकर आसजी के बंधे में चला गया। लगातार बारिश होते रहने से शहर की कॉलोनियों, राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय व सरकारी कार्यालयों में पानी भरा रहा। कई कालोनियां में बरसाती पानी भरा रहने से कॉलोनीवासियों को लगातार परेशानी उठानी पड रही है। शनिवार को मूसलाधार बारिश के बाद रविवार को तेज बारिश हुई। बारिश से शहर के रक्तांचल पर्वत के सारे झरने बह रहे है। मौसम खुशनुमा होने के कारण लोग पहाड के पीछे पहुंचकर झरनों में नहाने का आनन्द लेने के साथ ही पिकनिक भी कर रहे हैं। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम 5 बजे तक निवाई मुख्यालय पर 29 एमएम बारिश दर्ज हुई है।



## खराबा फसलों का मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर आज सौंपेंगे ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्रामीण क्षेत्र में खरीफ की फसल चौपट होने पर सोमवार को किसान महापंचायत के पदाधिकारी उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपेंगे। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि लगातार बारिश होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के अधिकतर गांवों की खरीफ की फसल मक्का, मूंगफली, तिल, ज्वार-बाजरा, मूंग, उड़द सहित अन्य फसलें नष्ट हो



गई हैं। जिसके लेकर किसानों को मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर सोमवार को 11 बजे उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

## फार्म पौंड में डूबने से इकलौते बेटे की मौत : गांव के बाहर खेतों की ओर बकरियां चराने गया था, पैर फिसलने से गिरा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** लांबाहरिसिंह थाना क्षेत्र में रविवार को बकरियां चराने गए छात्र की फार्म पौंड (तालाब) में डूबने से मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस और ग्रामीण मोके पर पहुंचे और बालक के शव को बाहर निकाला। वह इकलौता बेटा था। इसकी छोटी एक बहन है। पुलिस के अनुसार लांबाहरिसिंह बापूनगर निवासी फरदीन उर्फ अफरोज (16) पुत्र फिरोज खान आज सुबह करीब 9 बजे बकरियां चराने गांव से दूर गया था।

# भगवान पारसनाथ के चढ़ाया निर्वाण लाडू

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्ववधान में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर में मुनि अनुसरण सागर महाराज के पावन सानिध्य में भगवान पारसनाथ का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि 23 वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ पर निर्वाण लाडू श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अग्रवाल मंदिर, श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, श्री दिगंबर जैन नसियां मंदिर, बपूई वालों का चैतालय सहित सभी जिनालयों में पारसनाथ भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। अग्रवाल मंदिर में श्रद्धालु सुशील कुमार, राहुल कुमार आरा मशीन परिवार ने लाडू चढ़ाया। इसी प्रकार बड़ा मंदिर में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को



सर्व प्रथम सुबह शांतिनाथ भगवान एवं पारसनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा के साथ भगवान पारसनाथ की पूजन की गई। उन्होंने बताया कि 48 दिवसीय भक्तामर विधान का भी आयोजन हुआ जिसमें सोधर्म इन्द्र हेमचन्द व हर्षितकुमार संघी द्वारा 48 अर्घ्य चढ़ाए गए। इस अवसर पर मुकेश बनेठा, पवन बोहरा, सुशील जैन, नरेश जैन बड़ागांव, प्रेमचंद जैन, विष्णु बोहरा, हितेश छाबड़ा, अशोक जैन, रमेश जैन व नवरतन जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# तेज बारिश से तीन बांध हुए ओवरफ्लो

## सुबह से भी रिमझिम बारिश का दौर जारी, पार्वती बांध में पानी की आवक शुरू

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सावन महीने में इस बार ऐसे बदरा बरसे हैं कि चारों ओर पानी ही पानी हो गया है। एक सप्ताह में बारिश की ऐसी झड़ी लगी है कि क्षेत्र के सात बांधों में से तीन बांध ओवरफ्लो हो गए हैं। कुछ बांध ओवरफ्लो होने की तैयारी में है। पार्वती बांध के छलकने का सभी को इंतजार है। रविवार को अल सुबह से भी रिमझिम बारिश का दौर जारी है। सबसे अधिक बारिश तालाबशाही बांध और आसपास के क्षेत्र में हुई है। पार्वती बांध में करौली जिले में हुई जोरदार बारिश के बाद बंपर पानी की आवक हुई है।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार सिंघल ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में बाड़ी उपखंड सहित पूरे जिले में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। ऐसे में बाड़ी क्षेत्र के सभी बांधों में पानी की अच्छी आवक हुई है। जिससे राम सागर बांध, हुसैनपुर बांध के साथ आरटी बांध पूरे भर गए हैं और उनमें पानी ओवरफ्लो चल रहा हैं। वहीं क्षेत्र के सबसे बड़े पार्वती बांध के जल्द भरने की पूरी संभावना है। क्योंकि करौली जिले में पिछले दो दिन से लगातार बारिश जारी है। जिससे बांध में पानी की अच्छी आवक हो रही है। तीन दिन में बाद में तीन मीटर पानी आ चुका है। बांध की भराव क्षमता से अब मात्र एक मीटर पानी कम है। ऐसे में बांध पर सिंचाई विभाग के अधिकारी 24 घंटे तैनात है और सुरक्षा के लिए भी पुलिस जाब्ता लगाया गया है।



### जिले में सर्वाधिक बाड़ी में बारिश अभी चौमासे का डेढ़ महीना शेष

यदि आंकड़ों की बात करें तो धौलपुर जिले में इस मानसूनी सीजन में सबसे अधिक बाड़ी में बारिश दर्ज की गई है। सिंचाई विभाग से जारी आंकड़ों के अनुसार धौलपुर जिले में 4 महीने के मानसून सीजन में 650 एमएम बारिश होती है। वर्तमान में हालात यह है की बाड़ी में 715 एमएम बारिश हो चुकी है। वहीं धौलपुर में 599 एमएम, आगई में 465 एमएम, बसेड़ी में 638 एमएम, सैपऊ में 485 एमएम, तालाबशाही पर 535एमएम, उर्मिला सागर पर 734एमएम और राजाखेड़ा में 472 एमएम बारिश दर्ज की गई है। जबकि अभी चौमासी का डेढ़ महीना शेष है। ऐसे में औसत से अधिक बारिश दर्ज हुई है।



### यह है क्षेत्र के बांधों की स्थिति, तीन ओवरफ्लो

उपखंड में सिंचाई विभाग के सात बांध स्थित है। जिनमें से तीन बांध ओवरफ्लो चुके हैं। सिंचाई विभाग के आंकड़ों के अनुसार रामसागर बांध भराव क्षमता 25.01 फीट से चार इंच अधिक, हुसैनपुर भराव क्षमता 9.05 फुट से छह इंच अधिक और आईटी बांध भी ओवर फ्लो चल रहा है। तालाबशाही बांध भराव क्षमता 11.01 के एक्यूरेट हो गया है। इस पर हवा के साथ चादर चल रही है। उर्मिला सागर में 28.50 फुट की तुलना में अभी 26.50 फुट पानी हुआ है। उमरेह बांध में 7.50 फुट पानी हुआ है जबकि इसकी भराव क्षमता 8.5 फुट है।

### पार्वती बांध में पानी की लगातार आवक जारी

क्षेत्र के सबसे बड़े पार्वती बांध मैं पानी की लगातार आवक जारी है। इस बांध में करौली जिले से पार्वती नदी, शेरनी नदी और खरेर नदी का पानी आता है। बांध की भराव क्षमता 223.41 मीटर है। पिछले तीन दिन में इसमे तीन मीटर पानी आया है। ऐसे में आज सुबह आठ बजे बांध का गेज 222.0 मीटर हो गया है। यदि इसके कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश होती रही और बांध में पानी 223 मीटर के करीब पहुंचा तो इसके गेट खोले लगातार नजर बनाए हुए हैं। कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक भी सिंचाई विभाग के अधिकारियों के संपर्क में है. क्योंकि गेट खोलने से पहले पार्वती नदी किनारे ग्रामीण इलाके में अलर्ट जारी किया जाएगा।

# घर पर बिजली का काम करते समय अधेड़ श्रमिक को लगा करंट

## अचेत अवस्था में श्रमिक को शहर के अस्पताल में कराया भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( नि.स. )।** अपने घर में बिजली का काम करते समय एक अधेड़ श्रमिक को करंट लगने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने अचेत हुए अधेड़ को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। पूरा मामला शहर की व्यास कॉलोनी का है। जहां शनिवार की शाम करीब सात बजे किराए पर रहने वाला 45 वर्षीय राजू पुत्र बबलू ठाकुर जो पेशे से श्रमिक है वह अपने घर पर बिजली के तार सही कर रहा था। इस दौरान अचानक से वह करंट की चपेट में आ गया। घटना के बाद जब वह गश खाकर गिरा तो अन्य लोगों को जानकारी हुई। इसके बाद घायल हुए राजू पुत्र बबलू ठाकुर को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।करंट हादसे का शिकार हुए श्रमिक के साथ आए परिजनों ने बताया कि राजू शाम 6 बजे ही काम से लौटा था। ऐसे में घर में किसी उपकरण के बिजली तारों को सही कर रहा था कि अचानक करंट के संपर्क में आ गया।

### बरसात में रखें बिजली को लेकर विशेष सावधानी

डिस्कॉम के कनिष्क अभियंता विजेंद्र सिंह ने बताया कि इन दोनों बिजली लाइन बड़ी सावधानी पूर्वक सही करनी चाहिए। सम्भव हो तो बिजली मिस्त्री से ही काम कराए। फिर भी ज्यादा जरूरी होने पर पूरी तरह सावधानी बरतें। क्योंकि विद्युत वोल्टता तो बरसात से बढ़ती ही है। करंट लगने की भी संभावना अधिक रहती है। क्योंकि घरों में दीवारों एवं जमीन में अधिक नमी आ जाती है। ऐसे में जब बिजली का काम करें तो खुद को पूरी तरह अवरोधक बना ले। पैरों में चप्पल या जूते पहने और दीवार के सम्पर्क में नही रहे। अन्यथा हादसे का सामना करना पड़ सकता है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 612 वें दिन भी रहा जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा धरना रविवार को लगातार 612 वें दिन भी मन्दिर प्रांगण में बदस्तूर जारी रहा। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि जोधपुरा (मोहनपुरा) के सघन आबादी, बसावटों व माध्यमिक विद्यालय से 82 मीटर की दूरी पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा पत्थर पीसने के क्रेशर से निकलने वाले धूल धूऐं से गांव में धुंध व कोहरे जैसा वातावरण हो जाता है। ग्रामवासियों को सांस लेने में भी परेशानी महसूस होती है। गांव में चर्म रोग, एलर्जी, दमा व श्वास जैसी बिमारियां आम हो गई है। क्रेशर को आबादी के नजदीक से हटाया जाये या मोहनपुरा के शेष बचे भाग जोधपुरा का पुनर्वास किया जाये की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। सचिव कैलाश यादव ने कहा कि जब तक समिति की मांगों को पुरा नहीं किया जायेगा, तब तक हम हमारे हक व अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, हरभगत कम्पाउंडर, प्रभुदयाल वर्मा, पवन, मदन, लीलाराम यादव, सूबेसिंह मीणा, विजय यादव, निहाल सिंह यादव, कानाराम यादव, जयराम यादव, भूपसिंह धानका, रोहिताश योगी, रामनिवास अध्यापक, विजय यादव, मोहर सिंह योगी समेत महिलायें मौजूद रही।

# बदलते खान पान से मिल रहा है डायबिटीज़ का तोहफा : कीर्ति जैन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** श्री पद्म प्रभु जैन औषधालय महताब सिंह का नौहरा अलवर में आयोजित मेगा आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर में मुख्य वक्ता कीर्ति जैन ने मधुमेह और हमारे ख़ान पान के बारे में बताया, और कहा कि संयमित जीवन शैली से हम मधुमेह से जंग जीत सकते हैं । शिविर में दीप प्रज्वलन विमल कुमार जैन ( अध्यक्ष), और अशोक कुमार जैन, शिवाजी पार्क ने किया। शिविर में मंगलाचरण संजय जैन ( मंत्री) ने किया। उपाध्यक्ष राजेश कुमार जैन ( लाइब्रेरियन) ने बताया कि शिविर में 146 मरीजों का उपचार किया गया, जिसमें 100 मरीजों की बी एम डी की जांच भी की गई और 24 मरीजों का अग्नि कर्म भी किया गया। और जयपुर से पधारी कीर्ति जैन पोस्टर का विमोचन किया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ मुकेश प्रजापत, डॉ पवन सिंह शेखावत, डॉ कुसुम यादव, डॉ जसवंत सैनी, डॉ अनिल कुमार जैन ने सेवाएं दी। शिविर में पार्श्व कुमार जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, मोहित जैन,सुरेंद्र जैन,अजीत जैन, सुनील जैन, मनोज जैन, अरूण जैन व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर में सहयोग कर्ता के रूप में, धूतपापेश्वर फार्मा,डाबर इंडिया लिमिटेड व आयु कल्प फार्मा का रहा।

# बेटियों को रक्षा बंधन के दिए उपहार, दिया पढ़ाई कराने का वचन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेक कमाई और डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से रविवार को अलवर में रक्षा बंधन एक नन्हीं मुस्कान कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। इस अभियान के प्रथम चरण में लोहा मंडी स्थित कच्ची बस्ती में बेटियों को उपहार, कपड़े, शिक्षण सामग्री और स्कूल बैग सहित बहुत से जरूरी सामान वितरित किया गया।कार्यक्रम में मुखय अतिथि राजकीय कॉमर्स महाविद्यालय के प्रिंसीपल डा. सत्यभान यादव थे जबकि अध्यक्षता सरंक्षक दौलत राम हजरती ने की। कार्यक्रम में शिक्षाविद उमा बजाज ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सुविधाएं इनको दी जाएंगी जिसके लिए पूरा समाज साथ हैं। इसमें खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट, गुलाब देवी बंसल स्मृति ट्रस्ट और आलमचंद भागवंती देवी गांधी ट्रस्ट का सहयोग रहा।इस अवसर पर यूथ आइकन और प्रधानमंत्री से इस स्वतंत्रता दिवस पर संवाद करने के लिए चयनित निष्ठा नारंग ने बेटियों को आगे बढ़ने के लिए पढ़ना आवश्यक बताया। कार्यक्रम में समाजसेविका सोनिका अरोड़ा, रेनू भायना, युवा समाजसेवी तारेश जोरवाल, पुष्प दुलानी, शंकर शर्मा, आशीष शर्मा, सीए सुशील बंसल, सौरभ कालरा और संतोष अदलकखा ने उपहार दिए। इससे पहले सभी ने बेटियों को रक्षा सूत्र बांधा। कार्यक्रम में बेटियों को पढ़ाने की सेवा करने वाली नीतू को विशेष कार्यों के लिए सममानित किया गया।बेटियां बेटों से आगे, मिले माहौल कार्यक्रम में कॉमर्स महाविद्यालय के प्रिंसीपल डा. सत्यभान यादव ने कहा कि बेटियां बेटो से अधिक आगे निकल गई है जिसके लिए समाज को उनके अनुकूल माहौल देना चाहिए। इस कच्ची बस्ती में बेटियां अब पढने लगी है जिसके लिए नेक कमाई फाउंडेशन किसी संसाधन की कमी नहीं आने देगा। इनके परिजनों को इनको पढ़ाने के लिए भ्प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी तारेश जोरवाल ने कहा कि नेक कमाई की ओर से ऐसी कच्ची बस्तियों में इवनिंग कलासेज लगाई जाएंगी जिसमें कठिन विषयों को पढ़ाया जाएगा। महिला विंग संयोजक सोनिका अरोड़ा ने कहा कि हमें ऐसी बेटियों को पढ़ाने में सहायता देनी चाहिए। अंत में मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने सभी का आभार जताया ओर बताया कि रक्षा बंधन पर कच्ची बस्तियों में चयनित बेटियों को उपहार व शिक्षण सामग्री वितरित करने के कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

# नशा मुक्ति को लेकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के पॉंचवें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में 12 अगस्त से शपथ ग्रहण सहित विभिन्न स्पर्धायें आयोजित होगी। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशानुसार विभाग के जिला अधिकारी रमेश कुमार दहमीवाल ने बताया कि 12 अगस्त को सम्पूर्ण देश में नशा मुक्ति की शपथ कार्यक्रम होगें। जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राजपूताना कॉलेज में नशे के विरूद्व शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा। संस्थान परिसर में वृक्षारोपण भी किया जायेगा। इसके अलावा जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के संस्था प्रधान व नशे के विरूद्व कार्यक्रम चलाने वाली संस्था भी 12 से 15 अगस्त के मध्य शपथ एवं खेलकूद प्रतियोगिता, निबन्ध, लेखन आदि सह शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करेगी।

# अलवर में तेज बारिश, चलने लगे झरने, सिलीसेढ़ और जयसमंद में पानी की आवक बढ़ी, सीजन की सबसे तेज बारिश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर में रविवार सुबह तेज बारिश हुई। राजगढ़, रैणी में सबसे तेजी से पहाड़ों से पानी आया। राजगढ़ के कुडरोली में महादेव मंदिर के पास झरने में जोरदार पानी आया। वहीं रैणी के पास अलेवा धाम के पास तो पहाड़ों से बहुत तेज पानी आया। इसके अलावा अलवर शहर में भी बाला किला के आसपास का पानी बुध विहार कच्ची बस्ती क्षेत्र में बहुत तेज बहाव से आया। इस सीजन में सबसे तेज बारिश हुई। अब बांधों में पानी की आवक तेज होगी। अभी तक अलवर जिले के सभी बड़े बांध नहीं भरे हैं। सिलीसेढ़ बांध में 7 फीट पानी की जरूरत है। वहीं जयसमंद बांध में केवल 5 फीट पानी है। शनिवार देर रात के बाद बूंदाबांदी शुरू हुई। जो रविवार को तेज हो गई। रूपारेल नदी में भी पानी आया है। पहाड़ों के क्षेत्र में तेज बारिश है।

### बांधों में कहां कितना पानी

- जयसमंद बांध में 5 फीट
- सिलीसेढ़ बांध में 22.4 फीट
- मंगलसर बांध में 21 फीट
- मानसरोवर बांध में 16 फीट
- जय सागर में 8.7 फीट
- जैतपुर में 3 फीट
- सिलीबेरी 5 फीट
- समर सरोवर बांध में 3 फीट 6 इंच
- तुसारी बांध में 1.5 फीट

### कहां कितनी बारिश

अलवर में पिछले 24 घंटे में (सुबह 8 बजे तक) अलवर में 17, रामगढ़ 34, लक्ष्मणगढ़ 26, कठूमर 55, मालाखेड़ा 18, राजगढ़ 27, बहादरपुर 22, थानागाजी 26, गोविंदगढ़ 21, किशनगढ़बास 56, बानसूर 14 मिमी बारिश हुई। हालांकि सुबह 8 बजे के बाद तेज बारिश हुई है। इसके आंकड़े शाम 4 बजे के बाद पता चलेंगे।

## भिवाड़ी में बाबा कलाकंद के नए प्रतिष्ठान का हुआ शुभारंभ

# लोगों की डिमांड और उनके प्यार की बदौलत सब जगह मिल रहा बाबा कलाकंद : अभिषेक तनेजा

बढ़ता राजस्थान





**अलवर ( का.स. )।** बाबा कलाकंद की मिठास लगातार ऊंचाइयों को छू रही है ऐसे में अब भिवाड़ी के लोगो को वहीं मिठास अब वहीं मिलेगी। जी हां अलवर की सौगात बाबा कलाकन्द ने भिवाड़ी में बाबा कलाकंद के नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ रविवार को कर लिया है। बाबा कलाकंद के डायरेक्टर अभिषेक तनेजा को उनके उन्नति पत्र पर चलने के लिए उनके शुभचिंतकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अनेकों शुभाशीष और अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की।

**मिल रहा है सबका प्रेम :** बाबा कलाकंद के डायरेक्टर अभिषेक तनेजा ने बढ़ता राजस्थान को बताया कि सब लोगों का प्यार मिल रहा है और हम इस प्यार को उनके विश्वास से जुड़े हुए स्वादिष्ट और विश्वसनीय बाबा कलाकंद सब जगह उपलब्ध करा रहे हैं। इसी कड़ी में आज भिवाड़ी में नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया है। जहां भिवाड़ी के लोगों को अब कलाकंद लेने के लिए अलवर नहीं आना पड़ेगा लोगों की डिमांड और स्नेह के कारण नए प्रतिष्ठान खोले जा रहे हैं। लोगों का प्यार और विश्वास ही बाबा कलाकंद को ब्रांड बनाने में कामयाब हुआ है।

# कुशवाहा समाज के निवि अध्यक्ष बने शिवराम सिंह कुशवाह

## समाज के बड़े बुजुर्गों की मौजूदगी में अन्य पदाधिकारियों का भी किया निर्वाचन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर ( नि.स. )।** शहर के रेल्वे स्टेशन के पास स्थित कुशवाह धर्मशाला में रविवार को कुशवाहा समाज की बैठक का आयोजन किया गया। समाज के बुजुर्ग किशोरी लाल कुशवाहा की अध्यक्षता में सर्वसम्मिति से समाज की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। जिसमे कुशवाहा समाज के अध्यक्ष शिवरामसिंह कुशवाह पुत्र चरणसिंह कुशवाह आढतीया को चुना गया। इस दौरान कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों का भी निर्विरोध निर्वाचन किया गया। जिसमे उपाध्यक्ष राकेश कुमार कुशवाहा पुत्र रामखिलाड़ी आढ़तिया,महामंत्री विजय सिंह पुत्र सामंत सिंह कुशवाह,कोषाध्यक्ष नवलसिंह कुशवाह को बनाया गया। निर्विरोध निर्वाचन के बाद नवीन समाज अध्यक्ष शिवराम सिंह कुशवाह ने कहा कि उन्हें समाज ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसका वे पूरी तरह कर्तव्यनिष्ठ होकर पालन करेंगे।

उनका उद्देश्य रहेगा कि समाज आगे बढ़े और समाज के घरों में शिक्षा का विस्तार हो। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उन्होंने आव्हान किया कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान समाज के कई बिंदुओं को लेकर चर्चा भी की गई। नवीन कार्यकारिणी गठन की इस बैठक के दौरान समाज के प्रतिष्ठित रामबाबू लट वाले,नारायण सिंह अध्यापक, कुशवाहा फाउंडेशन के अध्यक्ष रिंकू कुशवाहा ,उपाध्यक्ष बॉबी कुशवाह और उनकी समस्त कार्यकारिणी,टीकम सिंह आढतीया,हरिसिंह हलवाई, विशंबर दयाल आढतीया,मंगल सिंह पार्षद,पूर्व अध्यक्ष महेश कुशवाहा,पूरन सिंह आढतीया,भूपसिह,सीताराम,सामंत सिंह,पूर्व उप प्रधान कृपाल सिंह,भगवान दास भाले,कलुआ राम,भोगीराम,कमल सिंह,मोहन सिंह,हुकम सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# विप्र सेना की कार्यकारिणी का किया गठन, ललित शर्मा बने अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाडी के निर्देशानुसार प्रदेशाध्यक्ष दिनेश दादिया की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विप्र सेना जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंजू शर्मा प्रधान पंचायत समिति शाहपुरा ने पावटा निवासी ललित कुमार शर्मा को पावटा तहसील अध्यक्ष व शशिकांत शर्मा मॉंजुकोट एव रामशरण बोहरा पावटा को उपाध्यक्ष पद, एवं कमलेश शर्मा प्रागपुरा को महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है।इस नियुक्ति पर विप्र जन एवं इस्ट मित्रो ने बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान पावटा नगर ब्राह्मण महासभा महामंत्री दीपक पटेल, विकास पुजारी, सुरेश शर्मा, ब्राह्मण महासभा मिडिया प्रभारी लाला पटेल, हिमांशु शर्मा शाहपुरा, विजेश शर्मा शाहपुरा, निखिल शर्मा, अमन शर्मा सहित बडी संख्या में विप्र बन्धुओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।



# सूफी संत हजरत दीवाना शाह के 83वें तीन दिवसीय उर्स का आज होगा आगाज

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** हजरत ख्वाज़ा गरीब नवाज़ र.अ. की छट्टी शरीफ की महफिल से हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 83वें उर्स का सोमवार को आगाज होगा।

प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी ने बताया कि बाबा हुजूर का तीन दिवसीय 83वां उर्स 12 अगस्त 6 सफर सोमवार को प्रातः 9 बजे हज़रत ख्वाज़ा गरीब नवाज़ र.अ. के छट्टी शरीफ की महफिल से शुरू होकर 14 अगस्त 8 सफर बुधवार को जोहर की अज़ान से पहले कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगा। दरगाह शरीफ स्थित बुलन्द दरवाजे पर मेडल डिक्टेटर एवं सीसी टीवी केमरे लगाए गये है।साथ ही ड्रॉन केमरे से नज़र रखी जाएगी। उर्स के कार्यक्रम सोमवार प्रातः 9 बजे शाही महफिल खाने मे महफिले मिलाद के बाद महफिले समा,रात्रि 11 बजे संदल पेश करने की रस्म अदा की जाएगी।बाद नमाज़े ईशा के महफिले मिलाद के बाद महफिले समा।मंगलवार रात्रि बाद नमाज़े ईशा के महफिले मिलाद के बाद महफिले समा एवं रात्रि 3.30 बजे गुस्ल की रस्म अदा की जाएगी।बुधवार 14 अगस्त बाद नमाज़े फजर के देग का खाना तकसीम होगा तथा 8 बजे कुल की महफिल शुरू होगी एवं जोहर की अज़ान से पहले कुल की फातिहा के साथ उर्स सम्पन्न होगा।गुरूवार को आम जायरीन के दीदार हेतु भूमिगत मज़ार के पट खोले जाएगे।इस साल दरगाह परिसर के बुलन्द दरवाजा से लेकर महफिल खाना तक लम्बाई 172 फिट चोडाई 68 फिट ऊंचाई 34 फिट,लंगरखाना से लेकर हॉजे उल्फत तक लम्बाई 235 फिट, चोडाई 34 फिट,ऊचाई 24 फिट,अहमद कबीर मंजिल की डबल मंजिल पर लम्बाई 106 फिट, चोडाई 46 फिट,ऊचाई 30 फिट एवं महबूब पार्क के पीछे कमरा नं. 106 के पास लम्बाई 135 फिट, चोडाई 48 फिट, ऊचाई 24 फिट लोहे के चार डोम जायरीने दीवाना के सहुलियात के लिए लगाए गए है एवं अहाता ए नूर के तीनो डोम के नीचे पी.वी.सी. पेनल का बहुत ही सुन्दर कार्य किया गया है। यहां प्रशासन द्वारा पार्किंग कि व्यवस्था की गई है। जिसमे चित्तौड़गढ़ से आने वालो के लिए राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय का खेल मेदान, भादसोडा से आने वालो के लिए स्टेशन के पास पुरानी कपास फैक्ट्री के बाहर का ग्राउण्ड,उदयपुर से आने वालो के लिए माताजी के मंदिर के सामने वाला ग्राउण्ड रहेगा।तहसीलदार जगदीशचन्द्र बामनीया एवं गिरदावर मोहम्मद हारून शैख ने वक्फ कमेटी सदस्यो के साथ पुरे दरगाह परिसर का निरक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# हर घर तिरंगा यात्रा को विधायक कृपलानी ने तिरंगा दिखाकर किया रवाना




बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रविवार को निम्बाहेड़ा उपखण्ड मुख्यालय पर आयोजित भव्य 'हर घर तिरंगा यात्रा' को पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने तिरंगा ध्वज दिखाकर रवाना किया।

तिरंगा यात्रा उपखण्ड कार्यालय से आरम्भ होकर नगर परशुराम सर्किल, पंचोली चौराहा, रामद्वारा रोड, शास्त्री मार्केट होते हुए सब्जी मंडी चौराहा, मोती बाजार, चित्तौड़ी दरवाजा के इधर होते हुए नया बाजार, उपकारागृह से वापस मंडी चौराहा होकर वापस उपखण्ड कार्यालय पर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान शेखावत सर्कल पर विधायक कृपलानी ने सभी को स्वच्छता एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

यहां कृपलानी ने कहा कि हम सभी इस राष्ट्रव्यापी अभियान में शामिल हों। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि इस बार भी आजादी का महापर्व देश का प्रत्येक नागरिक अपने घर व प्रतिष्ठान में राष्ट्रध्वज तिरंगा लहराकर मनाएं। भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों से गुंजायमान हुआ नगर हर घर तिरंगा यात्रा के निकलने के दौरान यात्रा में शामिल सैकड़ों लोग हाथों में तिरंगे लिए शामिल हुए। यात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर नगरवासियों के द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भारत माता की जय एवं वंदेमातरम के जयकारों से नगर गुंजायमान हो गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली, पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़, कोतवाली थाना अधिकारी रामसुमेर मीणा, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश मंत्री गब्बर सिंह अहीर, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, नगर निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रदीप मोदी, नगर महामन्त्री कमलेश बनवार, उपाध्यक्ष विमल कोठारी, पुष्कर सोनी, पार्षद मयंक अग्रवाल, भाजयुमो नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, महामंत्री आशीष टांक, बीसीएमएचओ डॉ. मंसूर खान, पंचायत समिति विकास अधिकारी विशाल सिपा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अभिषेक शर्मा, महिला बाल एवं विकास परियोजना के दिलीप सिंह राठौड़ सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संगम आई-टीबीआई की बोर्ड मीटिंग सम्पन्न, भारत सरकार, से आई-टीबीआई के लिए चार करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** संगम यूनिवर्सिटी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली से आई-टीबीआई (समावेशी प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेशन) के लिए चार करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए संगम राइज़ फाउंडेशन (सेक्शन 8 कंपनी) की स्थापना की गयी है। परियोजना को सुविधाजनक बनाने के लिए संगम राइज़ फाउंडेशन के तहत एक गवर्निंग बोर्ड का गठन किया गया है। गवर्निंग बोर्ड की पहली बैठक में संगम समूह के उपाध्यक्ष डॉ एस एन मोदी, संगम राइज फाउंडेशन की डायरेक्टर कृपी सोनी, प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली के पर्यवेक्षक डॉ सी एस यादव, संगम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो करुणेश सक्सेना, केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान से डॉ शैलेश पाटीदार, वनस्थली विद्यापीठ से डॉ अभिषेक पारीक, सतीश यादव और डॉ मनोज कुमावत उपस्थित रहे। बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने संगम आई-टीबीआई के बारे में बोर्ड के सदस्यों को प्रस्तुति के माध्यम से परिचित कराया। प्रोफेसर सक्सेना ने कहा कि टीबीआई परियोजना पूरे दक्षिणी राजस्थान के युवाओं को लाभान्वित करेगी। डॉ. एसएन मोदानी ने डीएसटी से पर्यवेक्षक के साथ बातचीत करते हुए क्षेत्र के युवाओं के लिए कल्याणकारी उपायों को बनाए रखने में संगम समूह की प्रतिबद्धता के बारे में बताया। पर्यवेक्षक डॉ सी एस यादव सहित सभी बोर्ड सदस्यों ने इस परियोजना के सफल सञ्चालन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बोर्ड के सदस्य सचिव और परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ मनोज कुमावत ने बताया की राजस्थान के निजी क्षेत्र में बिट्स पिलानी के अलावा संगम यूनिवर्सिटी को यह परियोजना प्राप्त हुई है। वर्तमान में इस परियोजना हेतु मानव संसाधनों के चयन की प्रक्रिया चल रही है।

## हाड़ौती ब्यूटीशियन एसोसिएशन की ओर से मनाया नेशनल सैलून डे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** हाड़ौती ब्यूटीशियन एसोसिएशन की ओर से रविवार को सेवन वंडर्स के सामने स्थित एक निजी होटल में नेशनल सैलून डे मनाया गया। हाड़ौती ब्यूटीशियन एसोसिएशन की फाउंडर डॉ. नीता पारेख व प्रेसिडेंट प्रीति शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में हेयर एंड ब्यूटी इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर काफी जोर दिया गया। हेयर एंड ब्यूटी इंडस्ट्री में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए उनको निशुल्क प्रशिक्षण, निशुल्क एजुकेशन के साथ-साथ कोटा समेत हाड़ौती संभाग की ब्यूटीशियन को इंडस्ट्री की नई टेक्नोलॉजी के बारे में रूबरू करवाया गया। डॉ. पारेख ने नेशनल सैलून डे मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संस्थान की कोषाध्यक्ष ममता श्रृंगी, सीमा अपूर्वा, टीना खान, नीरू भावनानी, अनामिका जायसवाल व मीनू जैन समेत हाडोती की प्रमुख ब्यूटीशियन के अलावा शहर के प्रमुख मेकअप आर्टिस्ट भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के आयोजन में हितेश पटेल का विशेष योगदान रहा। साथी राहिल खान रेशमा अंसारी ने आगामी सेमिनार की घोषणा की।

## गंगापुर में भाविप का रक्तदान शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर/भीलवाडा( नि.स. )।** भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर द्वारा स्वर्गीय संजय समदानी की पुण्य स्मृति में समदानी परिवार के सहयोग से रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया! मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार श्रोत्रिय ने बताया कि शिविर में 12 महिलाओं सहित 135 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया! रक्तदाताओ को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया! रक्त का संग्रह पैसिफिक चिकित्सालय उदयपुर व अरिहंत हॉस्पिटल भीलवाड़ा की टीम द्वारा किया गया! इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष भेरूलाल सुराणा , पूर्व अध्यक्ष चमन जैन शिविर प्रभारी तुषार अग्रवाल ,प्रकल्प प्रभारी राजेश समदानी ,समदानी परिवार के शांतिलाल समदानी , श्याम समदानी , पवन समदानी , नवनीत समदानी , निशा समदानी ने मां भारती, युग पुरुष स्वामी विवेकानंद , शंभुलाल समदानी व संजय समदानी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गायन के साथ किया गया! इस रक्तदान शिविर के दौरान रीजनल महासचिव संदीप बाल्दी , शाखा सचिव अखिलेश अग्रवाल ,वित्त सचिव तुषार अग्रवाल ,शाखा संरक्षक प्रहलाद सोमानी , सुरेश सिंघवी , प्रकल्प प्रभारी पवन लोहियां ,गिरिराज सोमानी, पवन रुइया ,चैनसुख जीनगर ,रामनारायण वैष्णव ,निखिल शर्मा,राजकुमार वैष्णव ,राकेश जागेटिया राजेश रांका भावेश न्याति कुलदीप बुलिया ,,महिला सदस्या दया सैनी अरुणा श्रोत्रिय सुनीता सुराणा ,सुशीला वैष्णव सीमा समदानी , ,अनिता मुंदड़ा ,सुधा रांका , निर्मल समदानी , हंसा मुंदड़ा ,व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय रुइया , ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश चंदेल आदि मौजूद रहे।

## मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया से कपासन तक विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** कावड़ उठा नारा भोले का लगा,कावड़ उठा नारा शिव का लगा भोले की मस्ती आदि महादेव के जयकारों के साथ पवित्र श्रावण मास में भोले भक्ति से सरोबार भक्त एवं श्रद्धालुओ द्वारा विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया।

श्री अमरनाथ मित्र मंडल कपासन के अध्यक्ष एवं पंच कैलाशी महेश पलोड़ ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति श्री अमरनाथ कावड़ यात्रा संघ कपासन एवं श्री अमरनाथ मित्र मण्डल के शिव भक्तों द्वारा पवित्र श्रावण मास में भोलेनाथ को प्रसन्न करने हेतु विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया।

जिसमे रविवार को मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में स्थित मंगलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना एवं अभिषेक कर शिवजी के जयकारो के साथ कावड़ यात्रा प्रारंभ हुई।कावड़ियो की कावड़ यात्रा मातृकुण्डियाँ से नवाखेड़ा,डिंडोली,बाबरिया खेड़ा, बामनीया चोराहा,उपनगरीय बस्ती भूपालखेडा, कपासन के राजराजेश्वर तालाब स्थित सरोवर हनुमान मंदिर,लक्ष्मीनाथ मंदिर,नया बाजार,पुलिस चोकी,पीपली बाजार,लोड़कीया चोक,चारभुजानाथ मंदिर,खारी बावड़ी हनुमान मंदिर,पांच बत्ती चौराहा, स्टेशन मार्ग हरिहर महादेव मंदिर,पिपलेश्वर महादेव, न्यायालय परिसर में न्यायेश्वर महादेव से उप जिला कारागृह कपासन में स्थित श्री जलेश्वर महादेव पहुंचकर सम्पन्न हुई।

कावड़ियो द्वारा मार्ग में आने वाले समस्त शिवालयों में महादेव का पवित्र जल से जलाभिषेक किया गया।उप कारागृह कपासन पर कावड़ यात्रा का समापन विशाल जलाभिषेक, महाआरती एवं भक्तो में प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

## हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत विभिन्न संस्थाओं द्वारा कपासन में 301 पौधे लगाए गए



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत 301 पौधे लगाए गये।जिसमे गोवर्धन पुरी गौशाला जाशमा रोड़ कपासन में बाघमार परिवार, सोनी परिवार,विजयवर्गीय परिवार व गर्ग परिवार के परिवारजनों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान क्षैत्र की विभिन्न संस्थाओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग दिया गया। जिसमे सत्यम फाउण्डेशन,माहेश्वरी नवयुवक मण्डल,च्यवन गौड़ ब्राह्मण नवयुवक मण्डल,गौ सेवा समिति,भारत विकास परिषद,वृक्षमित्र परिवार,दाधिच मण्डल, अर्पण महिला सेवा संस्थान,भारतीय जनता युवा मोर्चा,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं द्वारा सघन वृक्षारोपण किया गया।

वृक्ष मित्र परिवार के सदस्य विकास बारेगामा ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में औषधीय पौधे बिलपत्र, पीपल,अलस्टोनीया,गुलमोहर,कचनार, कदम, नीम,शिशम,अर्जुन,जामुन,आँवला,कटहल, अमलताश आदि 6 से 10 फिट के पौधे संस्थाओं द्वारा लगाए गये। इस कार्यक्रम में सुगन बाघमार,निर्मल बाघमार, देवेंद्र सोमानी,ओम न्याति,राज विजयवर्गीय,कमल दाधीच,दिनेश चास्टा,मुरली मनोहर जोशी,घनश्याम गौड़,आशीष सोनी,नंदकिशोर गर्ग,मनीष बारेगामा, राकेश आचार्य,हरि बारेगामा,राकेश बारेगामा, राजकुमार खटीक,दीनबंधु सोमानी, घनश्याम विजयवर्गीय,अक्षय बाघमार, चिराग बाघमार,आशा जोशी,बादशाह सिंह,आशीष काबरा,प्रशांत दाधीच आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## झालावाड़ में अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन का शपथ विधि समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के उन्हैल कस्बे के नागेश्वर जैन मंदिर परिसर में रविवार को एक दिवसीय अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फैडरेशन के मध्यप्रदेश मालवा रीजन का शपथ विधि समारोह संपन्न हुआ। जिसमें देशभर से सोशल ग्रुप के पदाधिकारी ने शिरकत की। शपथ विधि समारोह में मध्यप्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टटवाल भी पहुंचे व शपथ विधि समारोह में शामिल हुए। समारोह में सर्वप्रथम भगवान नागेश्वर पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ शुरुआत हुई। उसके बाद मालवा रीजन निवर्तमान अध्यक्ष पीयूष जैन ने नए अध्यक्ष बड़ौद (मप्र) निवासी अशोक कुमार मोदी को शपथ दिलाई गई। इसके बाद समिति के सभी सदस्यों ने शपथ ली। कार्यक्रम में मुंबई के उद्योगपति व भारत सरकार के जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य गिरीश भाई शाह का देशभर में मानव सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन के द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाह ने कहा कि आपका ग्रुप मानव सेवा कर देश में आगे बढ़े व देशभर में 650 जैन मंदिर हैं, उन सभी स्थानों पर आपके ग्रुप की शाखाएं हो, ऐसी मेरी कामना है। कस्बे के नागेश्वर जैन मंदिर में रविवार को अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फैडरेशन के शपथ विधि समारोह में शामिल होने आए मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री गौतम टटवाल ने नागेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान नागेश्वर पार्श्वनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

## जिले के सबसे बड़े कस्बे मे स्पोर्ट्स दुकान की हुई शुरुआत खिलाड़ियों को मिलेगा एक ही छत के निचे खेल का सामान

बढ़ता राजस्थान



**अंता ( नि.स. )।** रविवार को अंता में बस स्टैंड के पास स्टेडियम के पीछे स्पोर्ट्स की दुकान का उद्घाटन किशनगंज से अरमान मलिक, ऋष्ट खिलाड़ी संजय भारती,ने किया गया। मौके पर सलाम पीटीआई, त्रिलोक ऋष्टरु खिलाड़ी अंता प्रेस क्लब अध्यक्ष चन्द प्रकाश गोचर, ईदगाह सदर हाजी रसुल, शब्बीर पठान, हाजी रशीद शैख पत्रकार साथी, मौजूद थे। स्पोर्ट्स दुकान संचालक सानू चिकन ने बताया की अंता कस्बे की लगभग 50 हजार आबादी स्पोर्ट्स की दुकान नहीं होने से खिलाड़ियों को लम्बी दूरी तयकर कोटा बांरा जाकर खेल का सामान खरीदना पड़ता था शानू ने कहा कि स्पोर्ट्स दुकान के खुलने से खिलाड़ियों सहित स्पोर्ट्स से जुड़े सामाग्री खरीदने में लोगों को काफी सहूलियत होगी। लोग अच्छे स्पोर्टस सामग्री खरीदने के लिए लंबी दूरी तय करते थे। इसके खुलने से लोगों को आसानी से सामान उपलब्ध हो सकेगा। स्पोर्ट्स दुकान के संचालक शानू चिकन ने कहा कि यहां सस्ते दर पर स्पोर्ट्स से जुड़ी सभी समान उपलब्ध कराए जाएंगे।

# जिलेभर में उत्साह तथा उमंग से निकाली गई तिरंगा वाहन रैली

## उमड़ा देशभक्ति का ज्वार, जिला कलक्टर नमित मेहता व एसपी राजन दुष्यंत ने हाथों में लहराया तिरंगा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** केन्द्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा निर्देशित और प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा वीसी में प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना में जिले में रविवार को निकली तिरंगा वाहन रैली में उत्साह और देशभक्ति का ज्वार उमड़ा। जिला स्तर पर पुलिस लाईन से निकाली गई वाहन रैली का शुभारम्भ जिला कलक्टर नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत व सीईओ परिषद शिवपाल जाट ने हाथों में राष्ट्रीय गर्व "तिरंगा" लहराते हुए किया।

इस दौरान अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक विमल सिंह सहित जिले के एएसपी, एसएचओ, साईकिल प्रेमी, स्काउट गाइड और अन्य संभागियों ने जोश-खरोश से हिस्सा लिया और शहर में तिरंगा लिए देशभक्ति का ज्वार उमड़ा दिया। तिरंगा वाहन रैली पुलिस लाईन से शुरू होकर, अजमेरी तिराया होते हुए, कलेक्ट्रेट, सेशन कोर्ट चौराया, रेलवे स्टेशन, गोल प्याऊ चौराहा होते हुए सूचना केन्द्र पर सम्पन्न हुई। तिरंगा वाहन रैली के शुभारम्भ के दौरान जिला कलक्टर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर को उल्लास और उमंग से मनाएं। 13 से 15 अगस्त तक सभी अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराएं और अन्यां को भी इसके लिए प्रेरित करें। जिले के हर घर पर तिरंगा लहराए और जिलेवासियों में गर्व की भावना का संचार हो इसी उद्देश्य के साथ यह तिरंगा वाहन रैली निकाली जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्री राजन दुष्यंत दुष्यंत ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को गर्व के साथ मनाएं, राष्ट्रीय सम्मान के प्रतीक को लहराएं और हर घर पर तिरंगा अवश्य फहराएं और स्वतंत्रता दिवस को गर्व के साथ सेलिब्रेट करें।

इस दौरान सभी ने हर घर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया। सीईओ शिवपाल जाट ने बताया कि सोमवार 12 अगस्त को जनसहभागिता के साथ एक बड़ी तिरंगा दौड़ / मैराथन दौड़ की जाएगी। नगर परिषद आयुक्त हेमाराम चौधरी, शिक्षा अधिकारी योगेश पारीक, पुलिस विभाग से राजकंवर शेखावत, राजपाल, गजेन्द्र सिंह नरूका, शिवराज गुर्जर, जयसुल्तान कविया, नरेन्द्र जैन, अदिति चौधरी, रोहित सांखला और अन्य पुलिस के अधिकारी और जवान, स्काउट सचिव आयुष सैनी आदि मौजूद रहे।

# मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बम ब्लास्ट

## पूर्व विधायक की पत्नी की मौत, टेंग्नौपाल में गोलीबारी में एक उग्रवादी और 4 वॉलंटियर्स मारे गए

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार (10 अगस्त) को हुए बम ब्लास्ट में एक पूर्व विधायक की पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया घटना सैखुल के पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप के घर के पास हुई। हादसे में घायल पूर्व विधायक की पत्नी सापम चारूबाला की अस्पताल में मौत हो गई। बम किसने लगाया, इस बात का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, 9 अगस्त को टेंग्नौपाल जिले के मोलनोम इलाके में फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि फायरिंग गांव के वॉलंटियर्स और उग्रवादी संगठन यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट के सदस्यों के बीच हुई थी। इसमें एक उग्रवादी और 3 वॉलंटियर्स मारे गए। घटना से गुस्साए लोगों ने चस्त्र के अध्यक्ष एसएस हाओकिप के घर में आग लगा दी। हालांकि अब स्थिति नियंत्रण में है। मामले में अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### जिरिबाम में शांति समझौते के 24 घंटे बाद ही हिंसा

मणिपुर के जिरिबाम के लालपानी गांव में 2 अगस्त की रात हथियारबंद लोगों ने कई राउंड फायरिंग की। यह घटना जिरिबाम में शांति बहाल करने के लिए हुए समझौते के 24 घंटे के भीतर हुई। हमलावरों ने एक घर में आग लगा दी। हालांकि, वहां कोई नहीं रहता था। अधिकारियों ने बताया कि लालपानी में मैतेई लोगों के घर हैं। यहां के अधिकांश लोगों ने जिले में हिंसा भड़कने के बाद घर छोड़ दिया था। उपद्रवियों ने यहां सुरक्षा-व्यवस्था में ढील का फायदा उठाकर हमला किया। हमलावरों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। घटना के बाद सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया। मैतेई और कुकी समुदायों ने गुरुवार (1 अगस्त) को असम के कछार से सटे सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में एक बैठक के बाद शांति समझौते पर साइन किए थे। दोनों समुदायों ने जिले में स्थिति सामान्य करने, आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं को रोकने की बात कही थी। दोनों पक्षों ने सुरक्षाबलों को भी पूरा साथ देने का आश्वासन दिया था।

# कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर, मेडिकल कॉलेज के सुपरिटेंडेंट हटाए

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर का आरोपी संजय रॉय 14 दिन की पुलिस कस्टडी में है। उसे 9 अगस्त को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। संजय हॉस्पिटल में पुलिस की मदद के लिए सिविक वॉलंटियर के तौर पर काम करता था। उसका हॉस्पिटल के ज्यादातर डिपार्टमेंट में आना-जाना था। उसके फोन की जांच की तो उसमें पोर्न वीडियो भी मिले। पुलिस ने बताया कि ट्रेनी डॉक्टर की बॉडी 9 अगस्त को सुबह हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में मिली थी। क्राइम सीन पर एक ब्लूटूथ ईयरफोन भी मिला था।

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी संजय सुबह 4 बजे सेमिनार हॉल में अंदर जाते दिखाई दिया। इस दौरान उसने कानों में ईयरफोन लगाया हुआ था। कुछ देर बाद जब वह हॉल से बाहर आया तो उसके पास ईयरफोन नहीं था। इसके बाद संजय समेत कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए बुलाया गया। पुलिस ने क्राइम सीन पर मिले ईयरफोन को सभी संदिग्धों के फोन से कनेक्ट करने की कोशिश की। ईयरफोन संजय के फोन से कनेक्ट हो गया। पूछताछ के दौरान संजय ने रेप और मर्डर की बात कबूली।

# ड्राइवर से परेशान युवती चलते ऑटो से कूदी, कोमा में : घर की बजाय किडनैप कर ले जा रहा था; 200 सीसीटीवी खंगालकर पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में एक ऑटो ड्राइवर ने युवती (19) को इतना परेशान किया कि वह चलते ऑटो से सड़क पर कूद गई। युवती के सिर, चेहरे और हाथ-पैर पर गंभीर चोट आने के कारण वो कोमा में चली गई। घटना के करीब 10 दिन बाद शनिवार को पुलिस ने आरोपी ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। युवती घटना के बाद से एक निजी अस्पताल के आईसीयू में है। सांगानेर सदर थाना सीआई पूनम चौधरी ने बताया कि घटना 30 जुलाई की है। कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रही 19 साल की छात्रा कोचिंग में पढ़ाई करके रात को 8.30 बजे घर लौट रही थी। वह 12 मील से वाटिका रोड सहभागिता मोड़ पर अपने घर जाने के लिए ऑटो रिक्शा में बैठी थी। चौधरी ने बताया कि इस दौरान ऑटो में पहले से एक सवारी बैठी हुई थी। यह सवारी आगे चलकर कल्लापाला स्टैंड पर उतर गई। इसके बाद ऑटो ड्राइवर ने स्टूडेंट को उसके घर वाले मोड़ पर नहीं उतारा। ऑटो ड्राइवर युवती को परेशान करने लगा। स्टूडेंट ऑटो रुकवाने के लिए चिल्लाती रही, इस दौरान कई लोगों ने उसकी आवाज सुनी। इन्हीं लोगों ने पुलिस को बताया कि ऑटो वाला परेशान कर रहा था। वहीं आरोपी ने भी पूछताछ में कबूल किया है कि उसने शराब पीकर स्टूडेंट को परेशान किया था।

### किडनैप कर कहीं और ले जा रहा था

ऑटो ड्राइवर छात्रा को किडनैप करके ले जाने लगा। डरकर छात्रा वाटिका रोड पर चलते ऑटो से कूद गई। उसके सिर पर गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गई थी। वहीं रिक्शा ड्राइवर ऑटो सहित फरार हो गया था। लोगों ने घायल छात्रा को बेहोशी की हालत में जीवन रेखा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया।

### 200 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले

सीआई पूनम चौधरी ने बताया- परिवार की रिपोर्ट पर अज्ञात ऑटो ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। डीसीपी ईस्ट दिगंत आनंद ने सांगानेर सदर थाने की सीआई पूनम चौधरी के सुपरविजन में एक टीम का गठन किया। पुलिस जांच में एक सीसीटीवी फुटेज मिला। इसमें युवती ऑटो से नीचे गिरती हुई दिखाई दी।

## भीलवाड़ा नगर निगम सहित बजट घोषणाओं के लिए आभार सभा

# विकसित राजस्थान की धुरी है राज्य बजट, प्रदेश को बनायेंगे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 विकसित राजस्थान की धुरी हैं। इसमें प्रदेशवासियों से प्राप्त विभिन्न सुझावों को शामिल करते हुए राज्य के विकास का रोडमैप तैयार किया गया है तथा हर क्षेत्र और हर वर्ग को सौगातें दी गई हैं। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर भीलवाड़ा नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत करने सहित भीलवाड़ा और जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए बिजली और पानी सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताएं होती है। इसलिए हमारी सरकार इन क्षेत्रों के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा को बढावा देने एवं ऊर्जा उत्पादक इकाइयां स्थापित करने के लिए विभिन्न एमओयू किये गये हैं। हमारा लक्ष्य वर्ष 2027 तक राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को शुद्ध पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी के साथ ही शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता तथा दक्षिण राजस्थान के जिलों के लिए देवास परियोजना का धरातल पर क्रियान्यवन कर रही है। उन्होंने कहा कि बिजली-पानी की पर्याप्त उपलब्धता से राज्य में कृषि, उद्योग एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा जिससे विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा।

### जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए भी कई बजट घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए भी राज्य बजट में कई प्रावधान किए गए है। लगभग 71 करोड़ रुपये की लागत से क्षेत्र की विभिन्न सड़कों का निर्माण उन्नयन एवं चोड़ाईकरण कार्य कराये जायेंगे। साथ ही पीपलूंद में औद्योगिक क्षेत्र तथा पण्डेर में औद्योगिक पार्क स्थापित किया जायेगा। शर्मा ने कहा कि जहाजपुर-शाहपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उप जिला चिकित्सालय में तथा अमरगढ़ एवं सरदार नगर (बनेड़ा) के उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जहाजपुर-शाहपुरा में कन्या महाविद्यालय, कोटडी में नवीन महाविद्यालय तथा सरसिया में जनजाति बालिका छात्रावास खोला जायेगा। इसके अतिरिक्त गुढ़ा में 33/11 केवी जीएसएस का निर्माण भी करवाया जायेगा। कार्यक्रम में जहाजपुर और भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से आये लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को साफा एवं दुपट्टा पहनाकर उनका अभिनंदन किया एवं शौर्य के प्रतीक के रूप में तलवार भेंट की।



### भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र को राज्य बजट में दी विभिन्न सौगातें

मुख्यमंत्री ने कहा कि भीलवाड़ा शहर का विस्तार तेजी से हो रहा है। हमने भविष्य की जरूरतों को समझते हुए भीलवाड़ा नगर परिषद को नगर निगम में क्रमोन्नत करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि परिवर्तित राज्य बजट में भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इनमें भीलवाड़ा में 132 केवी जीएसएस एवं बीएसपी नगर में 33/11 केवी जीएसएस का निर्माण तथा 8 करोड़ रुपये से भीलवाड़ा-देवगढ़ वाया पांसल, पिथास बागोर, बोराणा जगदीश सड़क चौड़ाईकरण कार्य शामिल हैं। शर्मा ने कहा कि भीलवाड़ा में टैक्सटाइल पार्क स्थापित करने के साथ ही 12 करोड़ रुपये से मानसरोवर झील के विकास कार्य भी करवाये जायेंगे। इसके अतिरिक्त उदयपुर, चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा में पेयजल तथा सिंचाई के लिए 30 करोड़ रुपये की परियोजना एवं जयपुर-भीलवाड़ा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण की डीपीआर बनायी जानी भी प्रस्तावित है।

# एनडीए को राज्यसभा में बहुमत मिलने की उम्मीद

## 12 सीटों पर 3 सितंबर को उपचुनाव, 11 पर भाजपा और सहयोगियों की जीत संभव



बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**नई दिल्ली।** अगले महीने राज्यसभा की 12 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के बाद एनडीए को सदन में बहुमत मिलने की उम्मीद है। इससे वक्फ (संशोधन) बिल जैसे अहम बिलों को मंजूरी दिलाने में मदद मिल सकेगी। 9 राज्यों खाली हुई 12 राज्यसभा सीटों पर 3 सितंबर को उपचुनाव होंगे। इसमें भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 11 सीटें मिलने की उम्मीद है। इस तरह एनडीए 245 सदस्यों वाले सदन में 122 सीटें हासिल कर लेगा। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटने और केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद विधानसभा चुनाव नहीं हुए हैं, इसलिए वहां की 4 सीटें खाली हैं।

इससे राज्यसभा की मौजूदा स्ट्रेंथ 241 रह जाती है। जब तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव नहीं हो जाते, तब तक ये सीटें खाली रहेंगी। अभी राज्यसभा में बहुमत का आंकड़ा 121 है। लिहाजा उपचुनाव के बाद एनडीए राज्यसभा में बहुमत हासिल कर सकता है।

राज्यसभा से 4 नामित सदस्य 13 जुलाई को रिटायर हुए हैं। इन सीटों पर भी सदस्यों के नामित होने के बाद यह संख्या 126 हो जाएगी।

### एनडीए को 7 राज्यों से राज्यसभा सीट मिलने की उम्मीद

चुनाव आयोग ने 7 अगस्त को राज्यसभा की 12 सीटों पर उपचुनाव का ऐलान किया था। इनमें 2-2 सीटें असम, बिहार, महाराष्ट्र में और 1-1 सीट हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा में खाली हुई है। नतीजे भी उसी दिन यानी 3 सितंबर को शाम 5 बजे सामने आएंगे।

इन 12 सीट में से भाजपा और सहयोगी दलों को 7 राज्यों से सीटें मिलने की उम्मीद है। एनडीए को बिहार, महाराष्ट्र और असम से 2-2 और हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा से 1-1 राज्यसभा सीट मिल सकती है।

इसके अलावा माना जा रहा है कि जिन 6 लोगों को राज्यसभा में नॉमिनेट किया गया है, वे भी सरकार का समर्थन करेंगे। सामान्य रूप से राज्यसभा में नामित सदस्य स्वतंत्र होते हैं, लेकिन परंपरागत रूप से वे उसी पार्टी का समर्थन करते हैं, जिस पार्टी की सरकार ने उन्हें नॉमिनेट किया है।

### कैसे खाली हुई हैं राज्यसभा की सीटें

राज्यसभा की कुल 20 खाली सीट में से जम्मू-कश्मीर से 4 और नामित सदस्यों की 4 सीटें हैं। 10 सीटें राज्यसभा सांसदों के लोकसभा चुनाव लड़ने और जीतने के कारण खाली हुई हैं। इसके अलावा एक सीट भारत राष्ट्र समिति नेता के. केशव राव के कांग्रेस में जाने से खाली हुई है। दूसरी सीट ओडिशा से बीजेडी सांसद ममता मोहंता के इस्तीफे के बाद खाली हुई। उन्होंने 31 जुलाई को पार्टी और राज्यसभा से इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हो गईं।

# यूक्रेन ने रूस के कई गांवों पर कब्जा किया

## 11 टैंकों के साथ घुसे 1 हजार यूक्रेनी सैनिक; 76 हजार लोगों ने घर छोड़े

बढ़ता राजस्थान (रूस)

रूस और यूक्रेन के बीच ढाई साल से जारी जंग के बीच अब यूक्रेन ने रूस में घुसकर हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेनी सेना रूस की सीमा के 10 किमी अंदर तक पहुंच गई है। टास न्यूज एजेंसी के मुताबिक, रूसी प्रांत कुर्स्क के गवर्नर एलेक्सी स्मर्नोव ने बताया कि हमलों को देखते हुए 76 हजार लोग घर छोड़ कर जा चुके हैं। स बीबीसी के मुताबिक, यूक्रेन के 1 हजार से ज्यादा सैनिक, 20 बख्तरबंद गाड़ियां और 11 टैंक रूस में मौजूद हैं। उन्होंने कई गांवों पर कब्जा कर लिया है। उनका अगला टारगेट सुद्जा शहर बताया जा रहा है। रूस-यूक्रेन जंग की शुरुआत के बाद से यूक्रेन की तरफ यह अब तक का सबसे बड़ा पलटवार है।

### यूक्रेन ने रूस के 15 सैन्य वाहनों को तबाह किया

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में रूस के ओक्टाब्रास्को शहर में 15 सैन्य वाहनों का काफिला क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है। यह शहर रूसी सीमा से करीब 38 किमी दूर है। बीबीसी ने इस वीडियो की पुष्टि की है। हमलों को देखते हुए रूस ने कुर्स्क में कई टैंक और रॉकेट लॉन्चर भेजे हैं। वहीं रूस के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को पहली बार रूस पर हमले की बात कबूली है।



जेलेंस्की ने कहा, हमारी सेना जंग को रूस की जमीन पर लेकर जा रही है। उन्होंने साबित कर दिया कि वे इंसाफ बहाल करते हुए हमलावरों पर जरूरी दबाव डालने में सक्षम हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सैनिकों का शुक्रिया अदा भी किया।

### रूस के कुर्स्क न्यूक्लियर पावर प्लांट पर हमले का खतरा

यूक्रेनी हमले की वजह से कुर्स्क प्रांत के न्यूक्लियर पावर प्लांट पर खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, यह प्लांट सुद्जा शहर से करीब 60 किमी दूर है। इस बीच इंटरनेशनल अटॉमिक एनर्जी एजेंसी के चीफ राफेल ग्रॉसी ने चेतावनी जारी की है। उन्होंने दोनों देशों से सावधानी बरतने की अपील की है, जिससे परमाणु दुर्घटना को रोका जा सके।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# पूजा खेडकर बोलीं- पुणे कलेक्टर ने मुझे अपमानित किया : एसीएस को पत्र में लिखा- मीडिया ट्रायल के कारण मेरी छवि घमंडी अधिकारी की बनी

बढ़ता राजस्थान

**पुणे (एजेंसी)।** पूर्व ट्रेनी आईएएस ऑफिसर पूजा खेडकर का एक पत्र रविवार (11 अगस्त) को सामने आया है, जो उन्होंने महाराष्ट्र के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (ष्टस) नितिन गद्रे को 11 जुलाई को लिखा था। उन्होंने लिखा- पुणे कलेक्टर सुहास दिवासे ने मुझे आईएएस ट्रेनिंग के पहले दिन ही अपमानित किया था।

पूजा ने पत्र में लिखा- मीडिया कवरेज से मेरी छवि घमंडी अधिकारी की बन गई। इससे मुझे मानसिक आघात पहुंचा और मैं बेहद परेशान हूं। पुणे में ट्रेनिंग के दौरान सीनियर ऑफिसर के चेंबर पर कब्जा करने के आरोपों को लेकर पूजा ने लिखा- एडिशनल कलेक्टर अजय मोरे ने मुझे अपना चेंबर दिया था।

अजय मोरे ने अपने कर्मचारियों को चेंबर व्यवस्थित करने के लिए भी कहा था। कर्मचारियों ने मेरी जरूरतों के बारे में पूछा और स्टेशनरी आदि का इंतजाम किया। अगले दिन बाद जब कलेक्टर सुहास दिवासे ऑफिस आए तो उन्हें किसी ने एडिशनल कलेक्टर के चेंबर में मेरे बैठने की व्यवस्था के बारे में बताया, जिससे वे नाराज हो गए।



सुहास दिवासे ने तहसीलदार को बुलाकर चेंबर से मेरा सामान हटाने को कहा। जब मैंने उनसे बात की तो उन्होंने आरोप लगाया कि मैंने चेंबर पर कब्जा किया है। उन्होंने मेरी कोई बात नहीं सुनी। हालांकि, कलेक्टर दिवासे ने खेडकर के आरोपों को नकारते हुए पूरी तरह से निरर्थक करार दिया।

### पूजा ने कहा- मैंने कलेक्टर से माफी मांगी

पूजा ने पत्र में लिखा- चेंबर वाली बात को लेकर दिवासे ने आपको (एडिशनल चीफ सेक्रेटरी नितिन गद्रे को) पत्र लिखा और मेरी शिकायत की। अगले दिन मैंने दिवासे से मिलने की कोशिश की, लेकिन वे व्यस्त थे। मैंने उन्हें मैसेज कर माफी मांगी और कहा कि वे मेरे बैठने की व्यवस्था के बारे में जो भी फैसला लेंगे, मुझे स्वीकार होगा। मुझे लगा कि मामला खत्म हो गया है।

## वाशिम ट्रांसफर होने के 3 दिन बाद पूजा ने यह पत्र लिखा था

पूजा को सबसे पहले आईएएस ट्रेनिंग के लिए पुणे डिस्ट्रिक्ट मिला था। यहां पूजा पर अधिकारियों से गलत व्यवहार करने और पर्सनल ऑडी कार पर लाल-नीली बत्ती लगाने के आरोप लगे। मामला बढ़ने पर 24 जून को कलेक्टर सुहास दिवासे ने महाराष्ट्र के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को पत्र लिखा था।

इसके बाद 8 जुलाई को पूजा का ट्रांसफर वाशिम कर दिया गया। इसके 3 दिन बाद यानी 11 जुलाई को पूजा ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को यह पत्र लिखा था। हालांकि, इसकी जानकारी आज 11 अगस्त को सामने आई है।